दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 58 | सीकर, शनिवार 25 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## देवगांव की बेटी समीक्षा आरएएस बनी गांव पहुंचने पर जश्न मनाया किया स्वागत



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के देवगांव की बेटी समीक्षा पुत्री पितराम मेव का आरएएस में चयन होने पर गांव में जोरदार स्वागत किया। समीक्षा को गाजे बजे ओर डीजे के साथ जब घर पहुंची तो परिवार ओर ग्रामीणों में काफी खुशिया बरसी आतिशबाजी छोड़ी गई मिठाईयां बांटी गई समीक्षा दोपहर जब घर पहुंची तो सरपंच भंवरी देवी के नेतृत्व में साफा ओर फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गांव की बेटी समीक्षा ने काफी संघर्ष ओर परिस्थितियों का सामना कर कठोर मेहनत की जिसका परिणाम ें में चयन हुआ समीक्षा गांव की पहली ऐसे बेटी है।

जो अधिकारी बनी है समीक्षा की अलग कहानी है 2013 में समीक्षा की शादी सीकर के हरदयालपुरा निवासी मास्टर भूराराम महरिया के बेटे डॉक्टर सुभाष चंद्रा के साथ हुई थी समीक्षा शुरू से ही सीकर में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई की थी उन्होंने डूंडलोद से बीटेक करने के बाद भी पढ़ाई का क्रम नहीं छोड़ा 2023 में पति डॉक्टर सुभाष चंद्रा जो मनोरोग विशेषज्ञ थे जिनका निधन हो गया था बावजूद एक बार तो समीक्षा पूरी तरह से टूट चुकी थी मगर ससुराल वालों का पूरा स्पॉट मजबूती से मिला ओर समीक्षा का हौंसला बढ़ा उन्होंने फिर उड़ान भरना शुरू कर दी एक कदम ओर बढ़ाया अपने आप को संभाला ओर परिस्थितियों का सामना करती हुई आगे बढ़ी नतीजा आज सामने है उनकी एक छ साल की बेटी है सास ससुर ओर परिवार का आज फुल स्पॉट मिल रहा है समीक्षा के देवगांव पहुंचने पर जश्न मनाया गया। इस मौके पर सरपंच भंवरी देवी पीटीआई हरलाल सिंह महन भुराराम मास्टर हरदयालपुरा सुवालाल कॉंटीवाल, रामनाथ सिंह, अरविन्द सांखु, रमेश कुमार महरिया योगिता, विदुषी चेल्सी, कमल चंद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वागत किया।

## अवैध निर्माणकर्ताओं के खिलाफ इस्तगासे की सिफारिश

### दो तिरपाल गोदाम मालिकों पर भी मुकदमे का पत्र

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आवासीय निर्माण की स्वीकृति लेकर व्यावसायिक निर्माण करने पर नगरपरिषद प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। कार्यवाहक आयुक्त तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने नगरपरिषद के विधि सलाहकार एडवोकेट गोवर्धन चौधरी को पत्र जारी कर बताया है कि प्रतापसिंह, मदनलाल व धनराज चौरड़िया, निवासी एसबीआई बैंक के पास ने आवासीय निर्माण बाबत स्वीकृति 3 सितंबर 2021 को ली थी। लेकिन उक्त व्यक्तियों द्वारा स्वीकृति के साथ संलग्न नक्शा व भवन निर्माण विनिमय 2020 के वितरीत वाणिज्यिक कर लिया गया है। अत: उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में इस्तगासा प्रस्तुत किया जावे।

इसी प्रकार नगरपरिषद की बिना अनुमति के तिरपाल गोदाम संचालित करने वाले लोगों पर भी एफआईआर दर्ज करने के लिए आयुक्त द्वारा थानाधिकारी को पत्र लिखा गया है। जानकारी के अनुसार आयुक्त की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि गौरीशंकर माली, निवासी वार्ड नं. 9 व रोशन अली खिची निवासी चांद बास के तिरपाल गोदाम 2024 में सीज किए गए थे। आयुक्त ने कहा है कि गोदाम मालिकों ने सीज को खुर्द-बुर्द कर दिया है और गोदाम को खोल लिया है। अत: दोनों गोदाम मालिकों पर मुकदमा दर्ज किया जावे।



# बंगाल में मोदी बोले- टीएमसी का दीया बुझने वाला

## शाह ने कहा- अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा, बस दीदी का भतीजा नहीं होगा

कोलकाता।

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दमदम और जादवपुर में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दिया बुझने वाला है। बुझता दिया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है। पीएम ने महिला आरक्षण पर कहा कि भाजपा बेटियों के सपने कुचलने नहीं देगी। महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि 4 मई को हमारी सरकार बनेगी। बंगाल का अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा। बस दीदी का भतीजा नहीं होगा। बंगाल में गुरुवार को पहले फेज में 152 सीटों पर रिकॉर्ड 92.72% मतदान हुआ है। दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।

### मोदी की स्पीच में कहा...

- बंगाल को टीएमसी से आजादी चाहिए। टीएमसी के डर से आजादी, टीएमसी के भ्रष्टाचार से आजादी, टीएमसी के सिंडिकेट से आजादी, बेटियों पर अत्याचार और बेरोजगारी से आजादी।
- टीएमसी ने बंगाल में लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था, लेकिन पहले चरण में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निर्माण कर दिया है। दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है।
- जब बंगाल की बेटियां न्याय मांगती हैं तो टीएमसी उन्हें घर से बाहर न निकलने की सलाह देती है। टीएमसी नहीं चाहती कि महिलाएं सपने देखें।

## स्लीपर बस पुलिया से नीचे लटकी : पेड़ की ओड़ से टला बड़ा हादसा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** करणी विहार थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पुलिया पर लटक गई। गनीमत रहीं बस एक पेड़ की ओड़ में आकर नीचे गिरने से बच गई। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया और पुलिया के नीचे राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। वहीं हादसे को देखते हुए पुलिया के नीचे से गुजरने वाले वाहनों को ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत थोड़ा दूर रोक दिया। जिसके चलते स्लीप लाइन का भी यातायात अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने क्रेन की सहायत से क्षतिग्रस्त स्लीपर बस को पुलिया से हटाया और यातायात सुचारु किया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार करीब एक बजे विश्वकर्मा में स्थित एक गैराज से स्लीपर बस सर्विस करवा कर हीरापुरा बस स्टैण्ड की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक्सप्रेस हाईवे पुलिया पर तेज रफ्तार ट्रक ने बस को गलत तरीके से ओवरटेक किया। जिसके चलते बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे लटक गई। बताया जा रहा है हादसे के वक्त बस में सिर्फचालक और खलासी थे और पुलिया के नीचे लाल बत्ती पर यातायात रुका हुआ था।

गनीमत रहीं बस पुलिया की रैलिंग तोड़ते हुए एक पेड़ की ओट से नीचे गिरने से बच गई। फिलहाल इस मामले बस चालक ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

## गौ माता को राष्ट्र सम्मान दिलाने, गौ हत्या को सम्पूर्ण रूप से बंद करवाने के लिये दिया जायेगा ज्ञापन

जयशकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** रानी सती रोड स्थित गौ सवंर्धन संस्थान कार्यालय में आगामी 27 अप्रेल 2026 को गौ माता को राष्ट्र सम्मान दिलाने, गौ हत्या को सम्पूर्ण रूप से बंद करवाने व गौ हत्या व गौ अत्याचार पर कठोर कानून बनाने को लेकर देश की सभी तहसीलों पर सन्तो के सानिध्य में ज्ञापन दिया जायेगा उक्त विषय को लेकर होने वाले गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम की रचना हेतु बैठक की गई। अत: समस्त हिन्दू समाज से आग्रह है 27 अप्रेल सुबह 10 बजे रानी सती रोड़ स्थित गौ सवंर्धन संस्थान चुना चौक से गांधी पार्क रोड़ नम्बर 1से होते हुए एस डिम कार्यालय पहुंचकर यह ज्ञापन दिया जायेगा।

## चरक भवन में फायर सेफ्टी ट्रेनिंग में नर्सिंग स्टाफ को दिए आग से बचाने का प्रशिक्षण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बढ़ती गर्मी के चलते आगजनी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए अग्निशमन विभाग द्वारा शुक्रवार को राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सालय एसएमएस के चरक भवन यूनिट में नर्सिंग कर्मचारियों को फायर सेफ्टी संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। एसएमएस के फायर सुपरवाइजर कुलदीप स्वामी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को संभावित शॉर्ट सर्किट के कारणों की पहचान, जोखिम वाले स्थानों को चिन्हित करने तथा आग लगने की संभावनाओं को पहले ही रोकने के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों और हेल्पलाइन की जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि इस तरह की ट्रेनिंग अस्पताल की सभी यूनिट्स में अलग-अलग दिनों में आयोजित की जा रही है, ताकि चिकित्सा सेवाओं में किसी प्रकार का व्यवधान न आए और अधिक से अधिक स्टाफको प्रशिक्षित किया जा सके। प्रशिक्षण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में सतर्क एवं सक्षम बनाना है, जिससे किसी भी संभावित हादसे को समय रहते टाला जा सके।

## सिंघाना में बागड़ी मोटर्स पर सीएससी मीट का आयोजन



निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** कस्बे के बुहाना मोड़ स्थित बागड़ी मोटर्स परिसर में सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाइनेंस मैनेजर धीरज आचार्य थे। अध्यक्षता पूर्व प्रधान सरला सैनी ने की। सीएससी जिला मैनेजर राजेंद्र पलसानिया, कानाराम यादव सीएसएम विशिष्ट अतिथि थे। बागड़ी मोटर्स और बजाज ऑटो क्रेडिट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में ई-मित्र संचालकों को विभिन्न डिजिटल सेवाओं और फाइनेंस योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सीएससी संचालकों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए प्रत्येक फाइनेंस सेवा की तरफसे एक प्रतिशत कमीशन तथा एक प्रतिशत कमीशन बागड़ी बजाज मोटर्स के मालिक अशोक बागड़ी की तरफसे देने की घोषणा की। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिलने के साथ.साथ संचालकों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। वक्ताओं ने कहा कि ई-मित्र संचालक गांवों में डिजिटल सेवाओं की अहम कड़ी हैं और इस तरह के आयोजन उन्हें सशक्त बनाने का काम करते हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बागड़ी मोटर्स के मालिक अशोक बागड़ी ने ई-मित्र संचालकों का सम्मान किया और उन्हें बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्राहकों को आसान फाइनेंस सुविधा मिलेगी और व्यवसाय को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जनक सिंह, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में ई.मित्र संचालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन ई-मित्र संचालकों के लिए आय का नया अवसर लेकर आया है और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर राजेश चौधरी, विष्णु शर्मा, सुरेश बागड़ी, रामावतार जांगिड़, महेश बागड़ी, राकेश सैनी, उम्मेद, हेमराज, प्रियांशु बागड़ी, टिल्लू, अनिल, दीपक, गजानंद, दलबीर सिंह, शक्ति सिंह, अमित, जनक सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जानकी नवमी : श्री राम मंदिरों में होगा किशोर जी का पंचामृत से जन्माभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जनक नंदिनी सीता जी का जन्मोत्सव जानकी नवमी के रूप में शनिवार को छोटीकाशी में भक्तिभाव से मनाया जाएगा। श्रीराम मंदिरों में किशोरजी का पंचामृत से जन्माभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। ऋतु पुष्पों से मनोरम श्रृंगार कर बधाइयां गाईं जाएंगी। फल, खिलौने, टॉफी, चॉकलेट की उछाल की जाएगी। गालव ऋषि की तपस्थली श्री गीता जी में जानकी नवमी का मुख्य उत्सव स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में होगा। चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन श्री रामचंद्र जी मंदिर में जानकी नवमी का पर्व मनाया जाएगा। सुबह भगवान श्री रामचंद्र जी और माता जानकी का वेदमंत्रों के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से 101 किलो देसी गाय के दूध का उपयोग किया जाएगा। अभिषेक के बाद भगवान का बहुमूल्य रत्नजड़ित आभूषणों एवं सुगंधित पुष्पमालाओं से श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को सोने एवं चांदी के चरण आभूषण कड़े, चरण फूल एवं पायल धारण करवाई जाएंगी। दोपहर 2 बजे सीताजी की जन्म आरती होगी। सुबह से रात्रि तक निरंतर बधाई उत्सव का आयोजन होगा, जिसमें भजन-कीर्तन, उछाल होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष में केवल जानकी नवमी के दिन ही माता सीता के चरणों के दर्शन होते हैं। इस दुर्लभ अवसर का लाभ लेने हेतु दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

### सीताराम मंदिर-छोटी चौपड़

समाज श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ के तत्वावधान में मंदिर श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ पर राम-जानकी महोत्सव का आयोजन सुबह 9 बजे से श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। सुबह 9 बजे पांच पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता सीता का 51 किलो दूध, दही एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद मंदिर महंत ठाकुरजी और सीताजी का विशेष श्रृंगार करेंगे। इस विशेष दिन का भक्तों को वर्ष भर इंतजार रहता है, क्योंकि इसी अवसर पर श्रद्धालुओं को माता सीता के चरणों के दर्शन प्राप्त होते हैं। महोत्सव के दौरान समाज के भक्तों द्वारा बधाई गान किया जाएगा। दोपहर एक बजे महाआरती होगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों एवं बंदनवार से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा।

### यहां भी होंगे आयोजन

खोले के हनुमान जी स्थित सीताराम मंदिर में जानकी नवमी पर सीताजी का जन्माभिषेक किया जाएगा। सोडाला, आदर्शनगर, स्टेशन रोड, मुरलीपुरा स्कीम स्थित श्रीराम मंदिरों में भी जानकी नवमी धूमधाम से मनाई जाएगी।



## कोबरी-सार



# राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष

## उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** ग्राम रोही नोखागांव में वन विभाग की मनमर्जी एवं राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने नोखा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्त भूमि का निष्पक्ष व पुनः माप करवाने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम रोही नोखागांव में खाता संख्या 411 के अंतर्गत विभिन्न खसरों 125, 136, 137, 138, 221, 222, 223, 224, 274, 280, 668/273 कुल 11 किलों में 166.6200 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इनमें से खसरा नंबर 125 रकबा 1.1000 हेक्टेयर जोहड़ के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उक्त भूमि का सीमांकन बिना किसी ठोस आधार, केंद्र बिंदु तय किए एवं बिना सही नाप.जोख के मनमाने तरीके से किया जा रहा है। वर्षों से आबादी में बसे लोगों के मकानों को नोटिस देकर खाली करवाने की बात कही जा रही है, जिससे आमजन में भय और आक्रोश है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि बिना केंद्र बिंदु निर्धारित किए किसी भी भूमि का सीमांकन सही नहीं हो सकता, लेकिन वर्तमान में यह प्रक्रिया नियमों के विपरीत की जा रही है। इसके अलावा वन भूमि से जुड़े वे रास्ते, जो आजादी से पहले से ग्रामीणों द्वारा उपयोग में लिए जा रहे हैं, उन्हें भी बंद किया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त भूमि पर वर्षों से सार्वजनिक उपयोग के स्थान जैसे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जलदाय विभाग की सुविधाएं, सार्वजनिक ट्यूबवेल एवं विभिन्न देवस्थानोंकृपाबूजी मंदिर, रामदेवजी मंदिर, रूपनाथजी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों तक जाने वाले रास्ते मौजूद हैं, जिन्हें भी बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता मुरली गोदारा ने बताया कि आजादी से पहले से चले आ रहे खेतों के रास्तों को बंद करना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की कि सीमांकन से पूर्व ग्राम की आबादी भूमि खसरा नंबर 271, 272, 273 रकबा 7.13 हेक्टेयर, जोहड़, पायतन भूमि व अन्य सभी दर्ज किस्म की भूमि का सही माप करवाया जाए। इसके बाद ही वन विभाग की भूमि का सीमांकन तहसीलदार, गिरदावर व पटवारियों की संयुक्त सेटेलमेंट टीम द्वारा कराया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि सार्वजनिक रास्तों व धार्मिक स्थलों तक जाने वाले मार्गों को किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सरपंच पुरखाराम देपन, ओमप्रकाश पंचारिया, गोविंदराम गोदारा आई रामूराम नाई, परमाराम सियाग, शिवलाल बिश्नोई, जेठाराम मेघवाल, कुम्भाराम मेघवाल, लक्ष्मण भाम्भू, रमेश गिरी, गोपीराम सियाग, जगदीश बैरड़ मघाराम सियाग, पेमाराम सियाग, ओमप्रकाश मेघवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाबा श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा रविवार को

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ शहर के भानीधोरा हनुमान मंदिर में खाटूवाले बाबा श्याम की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कल रविवार को होगी। मंदिर पुजारी चेतन मंगलहारा ने बताया कि समाजसेवी कैलाश सैनी के आर्थिक सौजन्य से मंदिर में बाबा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा कल रविवार की सुबह सवा 10 बजे होगी। मंदिर परिसर में सुबह सवा 11 बजे हवन एवं आरती, सवा 12 बजे अखंड ज्योत एवं भजन संध्या का आयोजन होगा, जो शाम सवा पांच बजे तक चलेगी। इस दौरान गायक कलाकार छोटू मारवाड़ी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। आयोजन को लेकर मंदिर समिति से जुड़े कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## नालपुर में बाबा खेड़ावाला के नए हॉल की नींव रखी

### सामाजिक सरोकार में भागीदारी निभाने का आह्वान

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के गांव नालपुर स्थित बाबा खेड़ावाला मंदिर परिसर में शुक्रवार को नए हॉल के निर्माण हेतु विधि, वत नींव रखी गई। इस शुभ अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। पंडित सुनील पुजारी के सानिध्य में विधिवत पूजन कर नवनिर्मित हाल की नींव रखी गई। इस हॉल का निर्माण भामाशाह रामकुमार सेठ, पुरुषोत्तम लाल के द्वारा करवाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नए हॉल के निर्माण से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बैठने एवं धार्मिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। यह हॉल सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। नींव रखने के दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में पंडित सुनील पुजारी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। ग्रामीणों के सहयोग से यह निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में देवी देवताओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। मनुष्य को नियमित रूप से पूजा पाठ कर धार्मिक आयोजनों में भाग लेना चाहिए। इसके अलावा सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभाते हुए जीव जंतुओं की सेवा के लिए भी तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और निर्माण कार्य के सफल एवं शीघ्र पूर्ण होने की कामना की। इस मौके पर अध्यक्ष दूलीचंद, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप मास्टर, मनीराम बंसल, महेंद्र बंसल, राजू स्वामी, बिल्लू सेठ, सुनील पुजारी, महेंद्र पंडित, शेर सिंह ठेकेदार, विजय सिंह, संदीप, अनिल, दाताराम, कैप्टन धर्मपाल, बंटी, सज्जन, मोहनलाल, दलीप सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## गोठड़ा के वार्ड 12 में तीन घंटे तक बहा लाखों लीटर व्यर्थ पानी

### एलएनटी कंपनी की लापरवाही पर वार्डवासियों में रोष

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। ऐसे समय में गोठड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड 12 में शुक्रवार सुबह पानी की टंकी का वॉल ओवरफ्लो होने से करीब तीन घंटे तक लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। घटना से वार्डवासियों में रोष है। लोगों का कहना है, कि एक ओर क्षेत्र में चार दिन में एक बार पानी की सप्लाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर लापरवाही से पानी नालियों में बहाया जा रहा है। वार्ड 12 निवासी प्रभु सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे से पानी ओवरफ्लो होकर बहना शुरू हुआ, जो सुबह छह बजे तक लगातार बहता रहा। समय पर वॉल बंद नहीं होने से लाखों लीटर पानी नालियों में बह गया। वार्डवासियों ने बताया कि क्षेत्र में पहले ही पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। कई बार पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में विभागीय लापरवाही से पानी की बर्बादी होना गंभीर मामला है। लोगों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जलदाय विभाग के एक्सईएन सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार रात एलएनटी कंपनी ने टंकी में पानी छोड़ा था, लेकिन वॉल बंद करना रह गया। सुबह जानकारी मिलने पर परियोजना खंड खेतड़ी को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया है। वहीं प्रोजेक्ट एक्सईएन विक्रम सिंह ने बताया कि गोठड़ा में पानी की सप्लाई एलएनटी कंपनी द्वारा की जा रही है। गुरुवार देर रात कर्मियों ने वॉल बंद किया था, लेकिन वॉल फ्री होने के कारण पूरी तरह बंद नहीं हो पाया। सुबह जांच में वॉल फ्री मिलाए जिसे तुरंत दुरुस्त करवा दिया गया। वार्डवासियों ने मांग की है कि पानी सप्लाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल की बर्बादी रोकी जा सके।

## नगर पालिका सिंघाना में श्री श्याम पावर टूल्स का भव्य शुभारंभ

### सहयोग एक पहल संस्थान के अध्यक्ष डी.पी. सैनी ने किया उद्घाटन



निसं

**सिंघाना (नवयत्न)।** सिंघाना के बुहाना मोड़ पर तकनीकी क्षेत्र को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री श्याम पावर टूल्स का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहयोग एक पहल संस्थान के अध्यक्ष डी.पी. सैनी उपस्थित रहे, जिन्होंने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग लाल टेलर ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उचित दर पर मिलेंगे सभी प्रकार के टूल्स

प्रतिष्ठान के मालिक पार्षद अशोक सैनी और राकेश सैनी करमाड़ी ने संयुक्त रूप से बताया कि दुकान पर सभी प्रकार के आधुनिक पावर टूल्स उचित और प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य ग्राहकों को बेहतर सर्विस और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करना है, ताकि क्षेत्र के मिस्त्री और आम जन को दूर-दराज के शहरों की ओर न भागना पड़े।

### ये रहे मौजूद

उद्घाटन समारोह में बाबूलाल सैनी, अनिल, बाबूलाल कालोडीया, राजू गराटी, बजरंग, लक्ष्मण सेन, मुकेश मीणा, रामप्रसाद, अनिल सैन, विक्रम सैनी, विवेक, अभिषेक, शेर सिंह मिस्त्री, विनोद मिस्त्री, रणजीत और गुरुदयाल खांडा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। साथ ही मुरारीलाल पंच, ताराचंद सैनी, पवन भार्गव, पवन सैनी, मनीराम ढाणा, भादर सैनी, बलवीर सैनी, अक्षय सैनी, अनुज सैनी, राजेन्द्र दहका, शंकर दहका, जितेन्द्र दीपपुरा, अनुराग दीपपुरा, योगेश दीपपुरा, मनोज सैन, प्रेम करमाड़ी, सुरेश सैनी ढाणा और राजवीर योगी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## सैनी समाज का समाज रत्न सम्मान समारोह कल

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ के स्थानीय हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में आगामी 26 अप्रैल रविवार को प्रातः 10 बजे सैनी समाज का समाज रत्न सम्मान 2026 समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। सैनी समाज के अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी रविवार को सैनी समाज के सभी पूर्व अध्यक्षों, सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान के सभी पूर्व अध्यक्षों, नवयुवक मंडल के सभी पूर्व अध्यक्षों, समाज के पत्रकारों, जनप्रतिनिधि मातृशक्ति एवं हमारे समाज के पूर्व संस्थान अध्यक्षो का सम्मान किया जाएगा।

## पंचायती राज दिवस के अवसर पर नोखा में विरोध प्रदर्शन



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में पंचायती राज दिवस के अवसर पर नोखा में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व हीरालाल धोलपुरिया ने समन्वयक, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के रूप में किया। पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव समय पर करवाने की मांग उठाई, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हो सके। बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख पदाधिकारियों में रामदेव पुनिया प्रभारी संगठन, नोखा विधानसभा, मोहनलाल लीलड़ ब्लॉक अध्यक्ष, नोखा शहर, भंवरलाल सारण मंडल अध्यक्ष, जुगल हटिला उपाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, तरुण पंडित महासचिव, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी, घेवरचंद सियाग पूर्व सरपंच, नाथूसर, मुरली गोदारा सचिव, कांग्रेस देहात, रामप्रताप सियाग मंडल अध्यक्ष, जस्सारसर, बाबूलाल नायक, अशोक रेगर, सुंदरलाल रेगर, गजराज कंवर जिला अध्यक्ष, शिक्षक प्रकोष्ठ, भीमराज ढाका, धर्माराम, बनवारीलाल गोदारा, ओमप्रकाश, तेजाराम कूकना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

वक्ताओं ने कहा कि पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में देरी से लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार चुनाव समय पर कराना अनिवार्य है, और सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए। अंत में, प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र चुनाव नहीं कराए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## एचपीवी टीकाकरण विशेष अभियान में 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगाए टीके

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर जिले में शुक्रवार को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन के संबंध में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण के प्रति बच्चियों में खासा उत्साह देखा गया। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का नजदीकी जिला अस्पताल, उपजिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से, जिसे सर्विक्स कहा जाता है, में विकसित होने वाला कैंसर है। इसके लगभग 99.7 प्रतिशत मामलों का प्रमुख कारण हाई-रिस्क एचपीवी संक्रमण होता है। एचपीवी प्रजनन मार्ग का एक सामान्य वायरल संक्रमण है, जिसकी प्रमुख प्रजातियां 6, 11, 16 एवं 18 हैं। भारत में महिलाओं के बीच यह दूसरा सबसे आम कैंसर है। उन्होंने अभिभावकों तथा आमजन से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण हेतु प्रेरित करें, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड, स्कूल आईडी या अंकतालिका में से कोई एक आयु प्रमाण के रूप में लाना आवश्यक है। जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं, उनके लिए अभिभावक, संरक्षक द्वारा सहमति पत्र देकर आयु प्रमाणित किया जा सकेगा, जिसे यूविन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## तंवर की स्मृति में 11 लोगों ने किया रक्तदान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्वर्गीय बोदूराम तंवर की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धांजलि स्वरूप सुजानगढ़ के लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक में जाकर 11 लोगों ने रक्तदान किया। प्रेम तंवर ने बताया कि तिलोकचंद, कन्हैयालाल मारोठिया, जितेन्द्र सिंह, हरिराम, सोनू सिंह जिनरासर, रत्नसिंह कुलदीप सैनी, सज्जाद खान, मोहम्मद वाहिद, रामा किशन सैनी सहित 11 लोगों ने रक्तदान किया। स्वर्गीय तंवर के पुत्र नलिया बास निवासी प्रेम तंवर ने बताया मेरे पिताजी किसान थे, उनकी हमेशा आमजन के प्रति सहयोग की भावना रही थी। तंवर ने रक्तदान करने वाले दोस्तों को धन्यवाद देते हुए इसे रक्तदान सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। साथ ही कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, आपका दिया गया खून किसी के परिवार में खुशियाँ वापस ला सकता है।

## जानकी नवमी आज : चांदपोल स्थित रामचंद्र जी मंदिर में सजेगा दिव्य दरबार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर के चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचंद्र जी में शनिवार को जानकी नवमी का पावन पर्व इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला दिनभर चलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर के महंत नरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रातःकाल भगवान श्री रामचंद्र जी एवं माता जानकी का विधिवत पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इस अभिषेक में विशेष रूप से 101 किलो देसी गाय के दूध का उपयोग किया जाएगा। अभिषेक के उपरांत भगवान का दिव्य श्रृंगार बहुमूल्य रत्नजड़ित आभूषणों एवं सुगंधित फूल मालाओं से किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर अलौकिक आभा से आलोकित हो उठेगा। इस अवसर पर भगवान को सोने-चांदी के चरण आभूषण जैसे कड़े, चरण फूल एवं पायल भी धारण करवाई जाएंगी। दोपहर 2 बजे भगवान की जन्म आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। सुबह से रात्रि तक निरंतर बधाई उत्सव के तहत भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर के महंत नरेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्ष में केवल जानकी नवमी के दिन ही माता सीता के चरणों के दर्शन होते हैं, जिसके लिए दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इस विशेष अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। आयोजन को लेकर मंदिर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है, ताकि श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर सकें और पर्व का आध्यात्मिक आनंद ले सकें। वहीं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सुगम दर्शन के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। बैरिकेडिंग और सुरक्षा के साथ-साथ गर्मी को देखते हुए छाया व पेयजल की व्यवस्था भी की गई है ताकि भक्त शांतिपूर्ण तरीके से आध्यात्मिक लाभ उठा सकें।

## सिंधी कैंप मेट्रो स्टेशन पर टला बड़ा हादसा : एएसआई की सतर्कता से महिला और बच्चा सुरक्षित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सिंधी कैंप मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। एस्केलेटर पर चढ़ते समय गोद में बच्चे को लेकर जा रही एक महिला अचानक संतुलन बिगड़ने से गिरते-गिरते बच गई।

मौके पर तैनात पुलिसकर्मी की सतर्कता से महिला और बच्चा दोनों सुरक्षित बच गए। पुलिस के अनुसार महिला एस्केलेटर पर अपने बच्चे को गोद में लेकर चढ़ रही थी, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। घबराहट में वह गिरने लगी और उसके साथ गोद में लिया बच्चा भी नीचे फिसलने की स्थिति में आ गया। इसी दौरान स्टेशन पर तैनात एएसआई दुर्गा प्रसाद ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बिना समय गंवा, दौड़कर महिला और बच्चे को संभाल लिया। उनकी तत्परता के चलते दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और संभावित बड़ा हादसा टल गया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस कंट्रोल रूम की ओर से एएसआई दुर्गा प्रसाद की प्रशंसा की गई है। घटना के बाद महिला और बच्चा पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## खिलाड़ी अभिषेक शर्मा का आध्यात्मिक अंदाज : मां संग अभिषेक ने किए गोविंद देव जी के दर्शन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आईपीएल मुकाबले से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी अभिषेक शर्मा ने शुक्रवार को अपनी मां के साथ जयपुर स्थित गोविंद देव जी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर में उनकी मौजूदगी की जानकारी मिलते ही फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे वे कुछ देर के लिए असहज भी नजर आए। अभिषेक शर्मा ने मंदिर की चौखट पर बैठकर आरती की और विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें गोविंद देव जी का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। इस दौरान पुजारियों ने उनके हाथों से पूजा संपन्न करवाई। हालांकि खिलाड़ी ने सफेद मास्क पहन रखा था, लेकिन फैंस ने उन्हें पहचान लिया और फोटो-वीडियो बनाने लगे। एक मौके पर उन्होंने एक फैन को कैमरा बंद करने के लिए टोका भी। मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ के बीच उन्होंने गोविंद देव जी की परिक्रमा की और कुछ फैंस के आग्रह पर सीमित संख्या में सेल्फी भी दी। दर्शन के बाद अभिषेक अपनी मां का हाथ थामे भीड़ के बीच से बाहर निकलते नजर आए। सुरक्षा कर्मियों ने भी व्यवस्था संभालते हुए उन्हें सुरक्षित बाहर तक पहुंचाया। गौरतलब है कि सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच 25 अप्रैल को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। इसी मैच के लिए अभिषेक शर्मा 22 अप्रैल को ही अपनी मां के साथ जयपुर पहुंच गए थे।

## काला हिरण फिल्म में नजर आएंगे तारानगर के एक्टर सोनू मिश्रा

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर तहसील के बुचावास गांव निवासी एक्टर सोनू मिश्रा जल्द ही अपकमिंग फिल्म ष्काला हिरण में नज़र आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्माण फिल्ममेकर अमित जानी द्वारा जानी फायरफॉक्स फिल्म के बैनर तले किया जा रहा है। अमित जानी इससे पहले चर्चित फिल्म उदयपुर फाइल्स के लिए भी जाने जाते हैं। जानकारी के अनुसार, यह फिल्म चर्चित ब्लैकबक केस से प्रेरित बताई जा रही है, जिसके चलते दर्शकों में इस प्रोजेक्ट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म के मेकर्स ने फिलहाल कहानी और किरदारों को लेकर ज्यादा खुलासा नहीं किया है। खास बात यह है कि सोनू मिश्रा के रोल को पूरी तरह सीक्रेट रखा गया है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उनका किरदार फिल्म में अहम और चौंकाने वाला हो सकता है। फिल्म में दिग्गज कलाकार गोविंद नामदेव और नरेश गोस्वामी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। राजस्थान के चूरू जिले की तारानगर तहसील के बुचावास गांव के निवासी सोनू मिश्रा ने बॉलीवुड में कदम रखने से पहले राजस्थानी फिल्मों और टीवी के माध्यम से अपनी पहचान बनाई। हाल ही में वे सलमान खान की फिल्म सिकंदर में भी नजर आए थे। मजबूत स्टारकास्ट और संवेदनशील विषय के साथ काला हिरण एक ऐसी फिल्म बनती दिख रही है, जिस पर दर्शकों की नज़रें टिकी हुई हैं। फिल्म से जुड़ी और जानकारी जल्द सामने आने की उम्मीद है।

## विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र जिला स्तरीय समिति की बैठक शनिवार को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में शनिवार, 25 अप्रैल, 2026 को सवेरे 10 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार आपणी योजना कार्यालय में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# आरएसी अलंकरण समारोह में 315 उत्कृष्ट जवानों का सम्मान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पांचवीं बटालियन आरएसी परिसर में शुक्रवार को आयोजित भव्य अलंकरण समारोह में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने आरएसी के जवानों और अधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया और बल की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु अनुशासन और तैयारी के महत्व पर विशेष बल दिया। डीजीपी शर्मा ने अपने उद्बोधन में जवानों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि पुलिस की पहचान उसके टर्नआउट और चुस्ती-फुर्ती से होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी चाहे किसी निवास की सुरक्षा की हो, जेल की हो या कानून-व्यवस्था कीए जवानों की तैयारी में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जवानों को सीख दी कि वर्दी पहनने के ढंग से लेकर मौके पर पहुँचते ही चुस्ती के साथ कतारबद्ध होने की प्रक्रिया तकए आपकी हर हरकत में पेशेवर दक्षता नजर आनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी के दौरान उपकरणों के सही इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया। महानिदेशक ने आह्वान किया कि जहाँ भी सीखने में थोड़ी भी कमी रह गई है, उसे निरंतर अभ्यास और समर्पण से पूरा करें ताकि राजस्थान पुलिस हर मोर्चे पर अच्छे से अच्छा प्रदर्शन कर सके।

### उत्कृष्ट कार्य का सम्मान : उत्साहवर्धन की परंपरा

समारोह के दौरान डीजीपी ने आरएसी के उन अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जिन्होंने गत वर्षों में अपनी ड्यूटी के दौरान असाधारण प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय द्वारा दिया जाने वाला यह पहचान केवल पदक या प्रशस्ति पत्र नहीं है, बल्कि यह जवान की मेहनत का सम्मान है।

### 315 को मिला पदक रूपी सम्मान

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। डीजीपी शर्मा व संजय अग्रवाल द्वारा कुल 49 कार्मिकों को डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। इसके साथ हीए सराहनीय सेवाओं के लिए 149 कार्मिकों को एडीजी रुपिंदर सिंघ और आईजी राहुल कोटोकी ने अति उत्कृष्ट सेवा पदक और इससे पहले डीआईजी विनीत बंसल और आदर्श सिधु 117 कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक से अलंकृत किया गया।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति और सराहना

समारोह में डीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय अग्रवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल के अटूट अनुशासन, समर्पण और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की गई। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि आरएसी के जवान कठिन परिस्थितियों में भी जिस धैर्य और निष्ठा के साथ कार्य करते हैं, वह पूरे पुलिस महकमे के लिए प्रेरणादायी है।

### उत्कृष्ट सेवा का सम्मान और आभार प्रदर्शन

समारोह के अंत में एडीजी रुपिंदर सिंघ ने सभी सम्मानित होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, आमंत्रित अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस प्रकार के सम्मान समारोहों से बल में नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य अतिथि शामिल हुए, जिन्होंने सम्मानित पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि दिखने में यह समारोह छोटा हो सकता है, पर हमारे लिए यह एक बहुत बड़ा आयोजन है। जवानों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की पहचान करना संगठन के लिए आवश्यक है, ताकि भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु उनका उत्साहवर्धन हो सके।

# दो गुडों में खूनी झड़प : युवक की बेरहमी से पिटाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुराने विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। बदला लेने की नीयत से एक गुट ने दूसरे गुट के युवक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया, जबकि विरोध में दूसरे पक्ष ने अपार्टमेंट में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। थानाधिकारी पूरन मल ने बताया कि सेक्टर-28 स्थित उत्सव अपार्टमेंट में यह घटना देर रात हुई। बहरोड-कोटपूतली निवासी बलवान 25 पहले इसी अपार्टमेंट में रहकर बाउंसर की नौकरी करता था। उस दौरान उसका पास ही रहने वाले कुछ युवकों से विवाद हो गया था। पिछले चार-पांच महीनों से वह अन्य स्थान पर रह रहा था। शिकायतकर्ता रमेश राठी के अनुसार गुरुवार रात बलवान अपने दोस्तों के पास रखा सामान लेने अपार्टमेंट पहुंचा था। इसी दौरान विरोधी गुट के युवकों ने उसे अकेला देखकर घेर लिया और कार से आए बदमाशों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। युवक को सड़क पर गिराने के बाद भी हमलावर लगातार पीटते रहे। हंगामे की आवाज सुनकर अपार्टमेंट के लोग अपने फ्लैट्स से बाहर निकल आए। इसी बीच बलवान को बचाने उसके साथी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने विरोधी गुट के लोगों की तलाश में अपार्टमेंट में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और हंगामे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर प्रताप नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों गुटों के हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने घायल बलवान का मेडिकल करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जयपुर में विधानसभा को फिर बम से उड़ाने की धमकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में राजस्थान विधानसभा को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। विधानसभा की आधिकारिक ईमेल आईडी पर आए धमकी भरे मेल के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर को खाली करवा लिया और सघन तलाशी अभियान चलाया। ज्योति नगर थानाधिकारी संतरा मीणा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8:15 से 9:15 बजे के बीच प्राप्त ईमेल में दोपहर 1 बजे आत्मघाती हमला करने की चेतावनी दी गई थी। मेल में आपत्तिजनक बातें लिखते हुए दावा किया गया कि दो हमलावर बेल्ट बम के साथ विधानसभा को निशाना बनाएंगे। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता बीडीएस एएटीएस, एसडीआरएफ, दमकल विभाग और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंच गईं।



### चप्पे-चप्पे की ली तलाशी, नहीं मिला कुछ संदिग्ध

सुरक्षा की दृष्टि से विधानसभा परिसर को तुरंत खाली कराया गया और अधिकारियों-कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया। करीब 3 घंटे तक पार्किंग, गार्डन, कार्यालयों और आसपास के क्षेत्रों में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को पुन: अंदर प्रवेश दिया गया।

### लगातार दूसरी बार मिली धमकी

गौरतलब है कि पिछले 12 दिनों में यह दूसरा मौका है जब विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले 13 अप्रैल को भी इसी तरह का ईमेल मिला था, हालांकि तब भी जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला था। इसके अलावा हाईकोर्ट, सीएमओ, सवाई मानसिंह स्टेडियम, पासपोर्ट कार्यालय, स्कूलों और अस्पतालों को भी पूर्व में ऐसे धमकी भरे मेल मिल चुके हैं।

### राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी आई सामने

भाजपा विधायक कैलाश वर्मा ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लगातार मिल रही धमकियों को कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों को पकड़ना जरूरी है।

### साइबर सेल जुटी जांच में

ज्योति नगर थाना पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ऐसे मामलों में प्रॉक्सी सर्वर का उपयोग किया जाता है, जिससे आरोपियों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

### बैठकें स्थगितए सुरक्षा बढ़ाई गई

घटना के चलते विधानसभा में प्रस्तावित कुछ महत्वपूर्ण बैठकों को स्थगित कर दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। विधानसभा प्रशासन ने नियमित डॉग स्क्वॉड व सुरक्षा जांच को और सख्त करने की मांग भी की है।

# जगन्नाथ कंदोई बालिका आदर्श विद्या मंदिर में वंदना सभा का हुआ आयोजन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित वंदना सभा का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भामाशाह निरंजन कंदोई, भंवरलाल कंदोई, विजय कंदोई, जिलाध्यक्ष मदनलाल प्रजापत, क्षेत्रीय संस्कार केन्द्र प्रमुख महीपाल प्रजापत, जिला कोषाध्यक्ष विकास चाचाण एवं कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार सरावगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधनों के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा, संस्कार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




वक्ताओं ने विशेष रूप से वर्तमान समय में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी जीवन में सफलता का आधार बनते हैं। इस अवसर पर बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास से संबंधित विषयों की पूर्ति हेतु विशेष घोषणा भी की गई, जिससे छात्राओं को भविष्य में आत्मनिर्भर बनने का सशक्त अवसर प्राप्त होगा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस वंदना सभा ने एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और कौशल विकास का समन्वय स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर ममता सरावगी, सुलोचना स्वामी, सरिता शर्मा, गणेश सरावगी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# एचपीवीं वैक्सीन लगाने के लिए किया प्रेरित



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम श्रीमाधोपुर में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रभारी डॉक्टर कमल कुमार यादव ने राज्य सरकार व विभागीय निर्देशानुसार 28 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री द्वारा राज्य में शुरू किए गए एचपीवी वैक्सीन के प्रति आमजन और बालिकाओ को जागरूक किया गया एवं एचपीवी वैक्सीन लगवाने के प्रेरित किया गया। डॉ. कमल कुमार यादव चिकित्सा अधिकारी प्रभारी द्वारा अवगत करवाया गया कि ये वैक्सीन 14 वर्ष पूर्ण एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओ को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क लगाया जा रहा है। ये वैक्सीन महिलाओ में होने वाले सवाईकल कैंसर बच्चेदानी के मुह के कैंसर से बचाता है। ये कैंसर महिलाओं में सबसे ज्यादा पाए जाने वाले कैंसरो में से एक है। एचपीवी वैक्सीन के बारे में फैलाई जाने वाली भ्रान्तियों के बारे में भी चर्चा की गई तथा उनका खण्डन किया गया। इस मौके पर डॉ. कमल कुमार यादव, सुनीता एएनएम एवं मनीषा कुमारी शर्मा एएनएम् एवं विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# खेतड़ी कॉपर प्रोजेक्ट के स्मेलटर चिमनी के अस्तित्व बचाने को जुटे लोग

### सांसद ओला को ज्ञापन देकर की धरोहर घोषित करने की मांग



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ीनगर के कॉपर प्रोजेक्ट के स्मेलटर चिमनी का अस्तित्व बचाने को लेकर आमजन एकजुट होने लगे हैं। ग्रामीणों ने झुंझुनू सांसद बिजेंद्र सिंह ओला को ज्ञापन देकर धरोहर घोषित करने की मांग की है। ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि राजस्थान के तांबा नगर के नाम से विख्यात खेतड़ी की पहचान अब खतरे में है। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की ऐतिहासिक 114 मीटर ऊंची स्मेल्टर चिमनी को ढहाने के प्रस्ताव के खिलाफ समूचा क्षेत्र लामबंद हो गया है। श्चिमनी बचाओ अभियान के तहत उसे धरोहर घोषित करने की मांग की जा रही है। वर्ष 1967 में जब देश तांबा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रहा था, तब खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स की नींव रखी गई थी। 1970 के दशक में बनी यह विशालकाय चिमनी दशकों तक क्षेत्र की आर्थिक उन्नति का केंद्र रही। अब कॉम्प्लेक्स की कई इकाइयां बंद हो चुकी हैं और टाउनशिप वीरानी की ओर है, तब यह चिमनी यहाँ के गौरवशाली इतिहास की आखिरी गवाह बनकर खड़ी है। खेतड़ी प्रधान मनीषा गुर्जर के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सांसद ओला को ज्ञापन सौंपकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रधान ने कहा कि यह केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र की सामूहिक स्मृतियों का हिस्सा है। इसे तोड़ना इतिहास को मिटाने जैसा होगा।

क्षेत्र की जनभावनाओं को देखते हुए झुंझुनू सांसद बृजेन्द्र ओला ने जल्द केंद्रीय खान मंत्री को पत्र लिखकर इस चिमनी को ढहाने पर रोक लगाने और इसे औद्योगिक धरोहर घोषित करवाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर चिमनी बचाओ अभियान के संयोजक रमेश पांडे, नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी, एससी प्रकोष्ठ बुहाना अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, प्रभारी चुनीलाल चनेजा, सरपंच शंकर बिलवा, रणजीत, राजू, विक्रम, विजय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी सत्संग भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर तहसील के ग्राम सात्यूँ में शुक्रवार को मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी सत्संग भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्संग के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर प्रभारी महात्मा जॉन तथा इंचार्ज शिव भगवान बजाज ने जानकारी देते हुए बताया कि मानव एकता दिवस, बाबा गुरुबचन सिंह एवं चाचा प्रताप सिंह के बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है।



उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान किया गया, जो समाज सेवा की भावना का प्रेरणादायक उदाहरण है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. महेश शर्मा ने अपने संबोधन में बाबा गुरुबचन सिंह और चाचा प्रताप सिंह के जीवन एवं उनके बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मानवता, प्रेम और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुखी महात्मा अमर सिंह ने उपस्थित संगत का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने महात्मा महेश शर्मा एवं संयोजक महात्मा गोपराज का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की सफलता में मुखी महात्मा मोहनलाल पुनिया, रामकिशन, रामनिवास, अमर सिंह, महेंद्र, इंद्राज, छोटू राम, रामचंद्र, राजेश, सीता एवं सुमित्रा सहित अनेक सेवादारों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन सत्संग और मानव एकता के संदेश के साथ हुआ, जिसमें समाज में भाईचारे और सेवा भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया।

# जेजेटी विश्वविद्यालय में संकाय विकास कार्यक्रम के चौथे दिन हुआ विचारों का मंथन

निलेश मुदगल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का चौथा दिवस शैक्षणिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एकीकरण, परिणाम-आधारित शिक्षा एवं शैक्षणिक नवाचार के माध्यम से उच्च शिक्षा का रूपांतरण था । कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टीबड़ेवाला, कुलपति प्रो. मधु गुप्ता एवं कुल सचिव डॉ. अजीत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। चौथे दिवस के प्रथम सत्र में हरियाणा के फतेहबाद स्थित एम.एम. एजुकेशन महाविद्यालय से पधारी डॉ. जनक रानी ने अपने व्याख्यान में बताया कि 2020 के तहत परिणाम आधारित शिक्षा का उद्देश्य रटने के बजाय ज्ञान, कौशल, व्यवहार और समझ को विकसित करना है। द्वितीय सत्र में पुणे महाराष्ट्र से प्रख्यात मनोविज्ञानिका श्रीमती अर्चना देशपांडे ने ऑनलाइन ;जूम माध्यमद्ध से बताया कि शिक्षा के आधुनिक परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रह गई है। बल्कि इसे मेंटर सुविधादाता और भावनात्मक मार्गदर्शन के रूप में पुनर्गठित किया जा रहा है। यह बदलाव रटकर सीखने की प्रक्रिया को रचनात्मक व्यवहारिक और समग्र विकास की ओर जाता है। तृतीय सत्र में झारखंड स्थित रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज से संबद्ध डॉ. आशीष नारायण ने भी ऑनलाइन जूम माध्यम से जुड़कर बताया कि भारतीय शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई का समाकलन कैसे किया जाए, इसमे नीति से लेकर क्रियांवयन तक का सफर बताते हुए उन्होंने तकनीकी व व्यवहारिकता के साथ-साथ मॉडल निर्माण के व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. धर्मेंद्र कौशिक, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम समन्वयक डॉ. नाजिया हुसैन तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अनंता शांडिल्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. जगबीर, डॉ. विनिता, डॉ. इरफान, डॉ. सहीराम, डॉ. रामप्रताप सैनी, डॉ. हरीश पुरोहित, डॉ. कंचन, डॉ. सपना, डॉ. धनेश, डॉ. मुनेश, डॉ. सविता सांगवान, डॉ. विनोद चारण एवं डॉ. शिव कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# खेतड़ी के कालोटा में खनन विभाग की टीम पर हमले का मामला, सरकारी वाहन में तोड़फोड़ कर राजकार्य बाधा पहुंचाने पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के कालोटा गांव में अवैध पत्थर खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग और खनन विभाग की संयुक्त टीम पर हमला कर देने के मामले में देर शाम को सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बबाई थाने में सहायक वन संरक्षक कमलचंद ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 22 अप्रैल की शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि कालोटा गौशाला के पास वन विभाग की भूमि पर जेसीबी मशीन से अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना पर जिला वन




अधिकारी से चर्चा के बाद वन विभाग की टीम में सहायक वन संरक्षक कमलचंद, सहायक वन संरक्षक हरेंद्र भाकर व सहायक वनपाल पिंकू कुमार राजकीय वाहन से मौके के लिए रवाना हुए। इसी दौरान खनन विभाग के खनिज कार्यदेशक प्रथम रमेश चंद्र भी अपनी टीम के साथ कार्रवाई के लिए निकले। रात्रि करीब 10 बजे टीम कालोटा में गौशाला के पास पहुंची, लेकिन मौके पर कोई जेसीबी नहीं मिली। इसके बाद टीम मुख्य सड़क पर लौट आई और दोनों विभागों के कुछ वाहनों व स्टाफ को सड़क पर खड़ा कर दिया गया। वहीं कुछ कर्मचारी पहाड़ी की ओर खनन के गड्ढों पिट्स की जांच करने चले गए।

इसी दौरान पीछे से 10-12 लोग एक राय होकर मौके पर पहुंचे और वहां खड़ी गाड़ियों व स्टाफ पर हमला कर दिया। हमलावरों में कालोटा निवासी नागरमल गुर्जर, कालूराम गुर्जर, प्रकाश गुर्जर, शैतान सिंह, सुमेर व अन्य लोग शामिल बताए गए हैं। हमले में खनन विभाग के कर्मचारियों तथा वन विभाग के चालक को चोटें आईं और खनन विभाग के राजकीय वाहन के शीशे तोड़ दिए गए। स्थिति गंभीर होते देख टीम के सदस्य जान बचाकर सरकारी वाहन से मौके से भागे और बडाऊ की ओर रवाना हुए। हमलावरों ने उनका पीछा काले रंग की स्कॉर्पियो से किया, जिसे हीरालाल पहलवान निवासी कालोटा का बताया गया है। भागते समय टीम ने पहाड़ी पर जांच कर रहे अपने अन्य स्टाफ को सूचना दी कि वे पुलिस आने तक छिपकर सुरक्षित रहें। इसके तुरंत बाद डीएसपी व बबाई थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचने के बाद सभी टीम सदस्य सुरक्षित बबाई थाने पहुंचे। पुलिस ने इस मामले में नागरमल, कालूराम, प्रकाश, शैतान सिंह, सुमेर व हीरालाल सहित सात लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व चेयरमैन व पूर्व जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा का जन्मदिन समर्थकों ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन सुरेश कुमार शर्मा के कार्यालय में किया गया जहां पर समर्थकों ने केक काटकर पूर्व चेयरमैन का 80वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य व दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर शंकर लाल सैनी, वासुदेव सैन, राजेश कुमार जोशी, दिनेश कुमार शर्मा, किशोरी लाल गोगावत, सुभाष सैनी, महेश सैनी, बाबूलाल बड़गुजर, बलवीर राव, लाली डिडवानिया, शशिकांत शाह, मुकेश बाकोलिया, उम्मेद टेलर, बृजमोहन, योगेश सोनी, मनोज शर्मा, रोशन गुरु, इन्द्र चेतिवाल, पालीराम मुंशी, सुनील डालमिया, कालूराम चंदेलिया, महेश गोदारा, मदन सैनी, राकेश शर्मा, रजनीकांत शर्मा, रामजी लाल कुमावत, विजय गादलीवाला सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# जीवनशैली के रोग

निस्संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है। यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है। वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है। लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में तेजी से आ रहे बदलावों के चलते लोग मोटापे, मधुमेह, तनाव व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जानलेवा संकट भी बढ़ रहा है। हमें स्वीकार करना होगा कि आजादी के बाद देश में आम आदमी के जीवन स्तर में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है। लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं। इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है। धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं। जो हमारी गभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फेरने जैसा है। यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं। हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है। जिसके लिये राजग सरकार को श्रेय देना होगा। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। यह जागरूकता भारत में भी है। लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है। प्रधानमंत्री 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं। लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है। विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं। तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया। लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं। विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है। जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ाया है। फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं। जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है। देर रात तक मोबाइल व इंटरनेट पर सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से हमारी नींद में खलल पड़ा है।

## विशेष आलेख

# बेनामी संपत्ति ने बिगाड़ा नेपाली राजनीति का खेल

पहले सुदन ने ऐलान किया था, 'मैं राजनीति नहीं करूंगा, मंत्री नहीं बनूंगा' वो 'आरएसपी' से टिकट लेकर गोरखा-एक से चुनाव लड़े, और मंत्री भी बने। ज़ेन-जी के जो भी मंत्री एक-एक करके नप रहे हैं, वो बालेन्द्र शाह के विरुद्ध विभीषण की भूमिका नहीं निभाएंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता।

नेपाल में गृहमंत्री पद त्याग चुके सुदन गुरुंग कुछ ऐसी बात बोल जाते थे, जो ज़ेरे बहस होकर दूर तलक जाती। गुरुंग ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, 'जब आप गरीब पैदा होते हैं, तो यह आपकी गलती नहीं होती; लेकिन अगर आप गरीब मरते हैं, तो यह आपकी गलती होती है। सरकार में शामिल होने से पहले धन कमाना पाप नहीं है; सरकार में शामिल होने के बाद भ्रष्टाचार कर के धन कमाना पाप है।' सुदन गुरुंग का यह एक ऐसा फ़लसफ़ा था, जो जैसे भी पैसा कमाने वालों को कुतर्क करने, और स्वयं को संतुष्ट करने का हथियार बन गया।

जेन-ज़ी की एक और स्टार व पेशे से इंजीनियर, रक्षा बम ने सुदन गुरुंग को सलाह दी, कि वे अपने बयान को सुधारें। उन्होंने कहा, 'जो लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने में असमर्थ हैं, उन्हें दोषी ठहराना आपके पद की गरिमा को कम करता है। फिल्मों के डायलॉग फिल्मों के लिए लिखे जाते हैं; असल ज़िंदगी अपने-आप में एक संघर्ष है।'

सुदन गुरुंग का माज़ी जो लोग जानते हैं, उनका भी मानना है, कि जेन-ज़ी आंदोलन के इस सुपर स्टार ने भयानक ग़रीबी देखी थी। अब अरबों की संपत्ति हो गई, तो ग़रीबी का मज़ाक़ उड़ा रहा है। नेपाल के गोरखा जिले में जन्मा 39 साल का सुदन गुरुंग, राजनीति में आने से पहले, पार्टियों और क्लबों में डीजे का काम किया करता था। फिर काठमांडू में कुछ लोगों से जुड़कर उसने 'ओएमजी' 'नाइटक्लब' चलाना शुरू किया। इन अनुभवों ने उसे बड़े इवेंट ऑर्गेनाइज़ करना, टीम मैनेज करना और कई तरह के लोगों से मिलना-जुलना सिखाया। 2015 के गोरखा भूकंप के बाद उनकी ज़िंदगी बहुत बदल गई। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके, सुदन ने वॉलंटियर्स जमा किये। सैकड़ों लोग खाना, रहने की जगह और मदद पहुंचाने के लिए उनके साथ जुड़ गए। यह ग्रुप बाद में 'हामी नेपाल' बना, जो युवाओं का संगठन है। 'हामी नेपाल' ने पहले आपदा राहत पर ध्यान दिया। धीरे-धीरे कम्युनिटी वर्क, यूथ ट्रेनिंग और सिविक प्रोजेक्ट्स में भी फैल गया। इसने बाढ़, भूस्खलन और कोविड-19 संकट के दौरान पीड़ितों की मदद की।

सुदन गुरुंग की लीडरशिप में पूरे देश में युवा वॉलंटियर्स का एक मज़बूत नेटवर्क बनाया। वर्ष 2025 के जेन-ज़ी आंदोलन में, जब ओली सरकार ने सोशल मीडिया ब्लॉक कर दिया, तो 'हामी नेपाल' युवाओं के विरोध प्रदर्शनों का एपीसेंटर बन गया, जिससे पता चला कि आपदा राहत से बना एक ग्रुप कैसे शांतिपूर्ण सिविक मूवमेंट चला सकता है। लेकिन, बात सिर्फ़ पोलिटिकल एक्टिविज़्म तक सीमित नहीं थी। इस संस्था के पास अथाह पैसे आना बहस का विषय बना।

सुदन गुरुंग का गृह मंत्री बनना और मंत्रिपरिषद में वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वागले के बाद तीसरे नंबर पर रखा जाना, पार्टी में कई लोगों नागवार गुज़रा। लोगों ने आपत्ति की, कि पहली बार मंत्री बने गुरुंग को इतना सीनियर पोजीशन नहीं देना चाहिए था। दो हफ़्ते से भी कम समय में उनकी रैंक बदल दी गई। पहले नंबर पर प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह, दूसरे नंबर पर वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वागले, तीसरे नंबर पर विदेश मंत्री शिशिर खनाल, चौथे नंबर पर ऊर्जा मंत्री बिराज भक्त श्रेष्ठ और पांचवे नंबर पर गृह मंत्री सुदन गुरुंग को रखा गया। यह भी आगे चलकर किरकिरी का कारण बना। सुदन गुरुंग गृह मंत्रालय के बहुत सारे आदेश इंस्टाग्राम और फेसबुक के ज़रिये दिये थे। पद संभालने की रात ही, उन्होंने कार्की कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन होम मिनिस्टर रमेश लेखक की गिरफ्तारी के लिए दबाव डाला। इस गिरफ्तारी से हंगामा मच गया। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, 'वादा तो वादा होता है- कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, यह किसी से बदला नहीं है, यह तो बस न्याय की शुरुआत है।' ओली और लेखक की गिरफ्तारी के तुरंत बाद पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

हालांकि, कोर्ट ने कानूनी आधार, और सबूतों की कमी का हवाला देते हुए गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को रिहा कर दिया। इसके बचाव में सुदन गुरुंग ने इंस्टाग्राम पर जवाब दिया, 'मुझे लगा था कि मंत्री बड़े हैं, अब जब कोर्ट बड़ा लग रहा है, तो मैं कानून की पढ़ाई शुरू करूंगा।' न्यायपालिका पर देश का गृहमंत्री इस तरह की टिप्पणी करे, वह शिष्टाचार की लक्ष्मण रेखा को पार करने वाला था। गृह मंत्रालय का मुखिया सोशल मीडिया पर अरेस्ट वारंट पोस्ट कर '1, 2, 3' कहकर अरेस्ट की गिनती करना शुरू कर दे, यह किसी को भी अजीब लग सकता है।

सुदन गुरुंग ने ऐलान किया था, कि मंत्री बनने के बाद वे सरकारी गाड़ी नहीं चलाएंगे, मगर उन्होंने जो प्राइवेट गाड़ी चलाई, वह उस कंपनी की थी, जिसमें उन्होंने हवाला के पैसे लगाए थे। पहले सुदन ने ऐलान किया था, 'मैं राजनीति नहीं करूंगा, मंत्री नहीं बनूंगा' वो 'आरएसपी' से टिकट लेकर गोरखा-एक से चुनाव लड़े, और मंत्री भी बने। ज़ेन-जी के जो भी मंत्री एक-एक करके नप रहे हैं, वो बालेन्द्र शाह के विरुद्ध विभीषण की भूमिका नहीं निभाएंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता। उधर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सर्वोच्च लीडरशिप का हाल 'समरथ को नहीं दोष गुसाईं' जैसा है। इस पार्टी के अध्यक्ष रबी लामिछाने को वाशिंग मशीन में ड्राई क्लीन कर के कैसे 'परमहंस' बनाया जाये, इस वास्ते प्रतिनिधिसभा संचालन नियमावली मसौदा समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। लामिछाने को पिछली सरकार के स्पीकर देवराज घिमिरे ने सस्पेंड कर दिया था, जब उन पर कोऑपरेटिव फ्रॉड केस के साथ-साथ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे थे। ज़मानत पर रिहा होने के बाद, लामिछाने ने स्पीकर से संसदीय बैठकों में शामिल होने की इजाज़त मांगी थी। सत्तारूढ़ आरएसपी के सांसद गणेश पराजुली की अध्यक्षता वाली कमेटी द्वारा एकमत से तैयार किए गए ड्राफ्ट रेगुलेशंस के रूल 259 को इस तरह से तोड़-मरोड़कर पेश किया गया, ताकि लामिछाने के मार्ग में कोई बाधा उपस्थित न हो। ड्राफ्ट पर मंजूरी बाक़ी है, लेकिन उस पर 'इफ-बट' शुरू हो चुका है। मुख्य विपक्षी पार्टी, नेपाली कांग्रेस के सांसद, और रेगुलेशन ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य निष्कल राय का कहना है, 'हमारी पार्टी को रूल 259, और इसके प्रावधानों पर गंभीर आपत्तियां हैं।' बाहर, बेशक विरोध हो, लेकिन संसद में ये दो-तिहाई मतों से पास कराने का खेल कर सकते हैं !

## आधुनिकीकरण की राह पर रेलवे

भारत में हर दिन 25,000 से अधिक ट्रेनें चलती हैं। ये ट्रेनें रोजाना दो करोड़ से अधिक यात्रियों को ले जाती हैं और कोयला, लौह अयस्क, अनाज, स्टील, सीमेंट तथा अन्य वस्तुओं की बड़ी मात्रा को 1,37,000 किमी से अधिक लंबे रेल नेटवर्क पर एक से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं। यह व्यवस्था जिस आधार पर काम करती है, वह रेल पटरी है। जब पटरी अच्छी स्थिति में होती है, तब ट्रेनें सुरक्षित रूप से अधिक गति से चलती हैं। जब पटरी खराब होती है, तो इसके परिणाम गति पर रोक, देरी और सुरक्षा संबंधी जोखिम के रूप में सामने आते हैं। रेल की पटरी में दरार, कोई ढीला पुर्जा या गिट्टी की परत में रुकावट, इनमें से कोई भी ट्रेन की गति को प्रभावित कर सकती है।

रेल पटरियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्य में आधुनिक मशीनों से पटरियों का नवीनीकरण, उन्नत तरीकों से जांच और निरीक्षण, मशीनीकृत रखरखाव, सुरक्षा बाड़बंदी आदि शामिल रहे हैं। इन प्रयासों ने रेल नेटवर्क की स्थिति को स्पष्ट रूप से बदल दिया है।

2014 से अब तक लगभग 55,000 किमी पटरियों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे सुरक्षा और यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा बार-बार मरम्मत की आवश्यकता कम हुई है। लगभग 44,000 किमी ट्रैक में 260 मीटर लंबे रेल पैनल बिछाए गए हैं। लंबे पैनलों का अर्थ है कम जोड़, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम-सुरक्षित होती है। अब 80,000 ट्रैक किमी से अधिक हिस्से में मजबूत 60 किग्रा वाली रेल पटरियों का उपयोग हो रहा है, जो अधिक भार ढुलाई और तेज गति सुनिश्चित करती हैं। जहां मजबूत रेल पटरी बिछाना जरूरी है, वहीं समय रहते खराबी पकड़ना भी जरूरी है। छिपी हुई दरारों को खोजने के लिए अल्ट्रासोनिक जांच की जाती है। इसके तहत करीब 36.2 लाख किमी ट्रैक और 2.25 करोड़ वेल्ड की जांच हुई। इससे रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। यानी अब खराबी होने के बाद उसे ठीक करने के बजाय पहले ही पकड़कर रोक लिया जाता है। अब रेलवे में दूसरी आधुनिक जांच तकनीक भी इस्तेमाल हो रही हैं। नई वेल्ड की जांच के लिए चुंबकीय जांच, फ्लैश-बट वेल्ड की जांच के लिए नई मशीनों और जीपीएस से जुड़ी ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जो ट्रेन यात्रा की गुणवत्ता मापती है और पटरी के खराब हिस्से की सही जगह बता देती है। भारतीय रेलवे की ट्रैक मशीनों की संख्या 2014 में 748 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,785 हो गई है।

## स्वास्थ्य समाचार

# इतिहास और प्रकृति की नजदीकी है पसंद, तो घूम आएं खारे पानी की झील वाले शहर 'जांगलदेश'

इन गर्मियों की छुट्टियों में अगर आप कहीं घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको अपनी मंजिल चुनने से पहले कुछ बातों पर गौर जरूर करना चाहिए। दरअसल, हर व्यक्ति को घूमने के लिए अलग-अलग तरह की जगहें पसंद होती हैं। ऐसे में अगर आपको इतिहास, प्राकृतिक विविधता और खूबसूरती भरे नजारे देखने हैं, तो ऐसी एक बहुत ही शानदार जगह है। जिसका नाम है, नागौर, जो देश के सबसे बड़े खारे पानी वाली झील का शहर है। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा नियमित रूप से प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जाती है। कुछ वक्त पहले राजस्थान टूरिज्म ने उत्तर-पश्चिम मेवाड़ इलाके में स्थित नागौर के बारे में पोस्ट शेयर की थी। उत्तर में चूरू, उत्तर पश्चिम में बीकानेर और पूर्वोत्तर में सीकर जिले से घिरे नागौर के दक्षिण में पाली और पश्चिम व दक्षिण पश्चिम में जोधपुर हैं। इसके अलावा पूर्व में जयपुर व दक्षिण पूर्व में अजमेर है। नागौर जिले के दक्षिण पूर्व में खूबसूरत अरावली श्रृंखला है, जबकि दक्षिण पश्चिम में भारत की सबसे बड़ी खारे पानी वाली सांभर झील है। राजस्थान के बीच में स्थित नागौर को महाभारत काल में जांगलदेश के नाम से पुकारा जाता था। मुगल बादशाह शाहजहां ने राजा अमर सिंह राठौर को यह भेंट के रूप में दिया था और यह थार रेगिस्तान में यह फैला हुआ है। इस शहर पर कई बार आक्रमण हुआ और नागवंश, चौहान, राठौड़, मुगल और अंग्रेजों ने सालों तक राज किया।

### लाडनूं

समूचे भारत में सूती साड़ियों में यहां की साड़ियों को काफी बेहतरीन माना जाता है और इन साड़ियों को चटक रंग के साथ मुलायम कपड़े के लिए पसंद किया जाता है। 10वीं सदी में बसा यह स्थान जैन धर्म का महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ अहिंसा-करुणा का भी आध्यात्मिक केंद्र है।

### खींवसर किला

एक हैरिटेज होटल के रूप में विकसित किए जा चुके इस किले के बारे में माना जाता है कि इसे भी द्वितीय शताब्दी में नागवंश शासक द्वारा निर्मित करवाया गया था। थार रेगिस्तान के पूर्वी किनारे पर स्थित इस किले के आसपास काले हिरण घूमते नजर आ जाते हैं।

### कुचामन शहर

यहां बनी हवेलियां अपने शानदार वास्तुशिल्प के चलते शेखावाटी की हवेलियों से मिलती-जुलती दिखती हैं। यहां का सबसे महत्वपूर्ण कुचामन किला बहुत मशहूर है और दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं। एक खड़ी पहाड़ी की चोटी पर बना यह राजस्थान का सबसे प्राचीन और दुर्गम किला है। इसके भीतर अपने आप में शानदार जल संचयन तकनीक, ख़ूबसूरत महल के साथ अद्भुत भित्ति चित्र सैलानियों को काफी आकर्षित करते हैं। यहां पर जोधपुर के शासक की सोने-चांदी के सिक्कों की टकसालें भी मौजूद थीं। इस किले से ना केवल शहर बल्कि झील का मनोरम दृश्य और शहर के पुराने मंदिर, जाव की बावड़ी और ख़ूबसूरत हवेली भी आसानी देखी जा सकती है।

### अहिछत्रगढ़ किला और संग्रहालय

नागौर में बने अहिछत्रगढ़ को 'फोर्ट ऑफ हुडेड कोबरा' यानी 'नागराज का फन' का नाम दिया गया है। करीब 36 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस



किले को 1985 में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के संरक्षण में सौंप दिया गया था। यहां के महलों में ऐतिहासिक राजसी कुर्सी, मेज, सोफा, पलंग आदि लगे हुए हैं और दीवारों पर शाही चित्रकारी के अलावा बेहतरीन सजावटी सामान मौजूद है। 2002 में नागौर किले को संस्कृति विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया के पैसिफिक हैरिटेज अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### झोरड़ा

नागौर का झोरड़ा एक छोटा गांव है और कवि 'कानदानकल्पित' तथा प्रसिद्ध सूफी संत 'बाबा हरिराम' की जन्मस्थली है और इसके मशहूर होने की भी वजह है। हर साल भाद्रपद की चतुर्थी-पंचमी को सालाना मेला लगता है, जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत अन्य स्थानों के लोग आते हैं।



### मीरा बाई स्मारक

यहां पर लाइट-साउंड शो के जरिए मीरा बाई का पूरा जीवन दिखाया जाता है। इसमें बचपन, भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम, उनको पति और आराध्य मानने का किस्सा, मेवाड़ के राजकुमार के साथ मीरा बाई के विवाह, पति की मृत्यु, राजसी वैभव त्यागकर वैराग्य के मार्ग पर जाने, वृंदावन-द्वारका में प्रवास को बेहतरीन रंग-बिरंगी रोशनी, ऑडियो के जरिए लुभावने ढंग से प्रदर्शित किया जाता है। इस दौरान मीरा बाई से जुड़े संगीतमय भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है।

### बड़े पीर साहब दरगाह

मशहूर पवित्र स्थान होने के चलते बड़े पीर साहब की दरगाह को 17 अप्रैल 2008 को बतौर संग्रहालय के रूप में भी खोल दिया गया। यहां मशहूर कुरान शरीफ है, जिसे हजरत सैयद सैफुद्दीन अब्दुल जीलानी ने सुनहरी स्याही में लिखा था। इसके साथ उनकी छड़ी, पगड़ी/टोपी के साथ ऐतिहासिक महत्व की तमाम चीजें भी मौजूद हैं। यहां 1805 तक के प्राचीन भारतीय सिक्के, अब्राहम लिंकन की छवि वाले अमेरिकी सिक्के भी मौजूद हैं।

### नागौर किला

राजपूत और मुग़ल स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूने के रूप में मौजूद नागौर के किले के बारे माना जाता है इसे द्वितीय शताब्दी में नाग राजवंश शासक द्वारा निर्मित करवाया गया था। इसके बाद 12वीं शताब्दी में पुनर्निर्माण हुआ। तमाम लड़ाइयों का साक्षी यह किला उत्तर भारत के पहले मुग़ल गढ़ों में से एक होने के नाते राजपूत-मुग़ल स्थापत्य शैली का शानदार उदाहरण है। वर्ष 2007 में यहां फव्वारे और खूबसूरत उद्यान के साथ पुनर्निर्माण हुआ और इसकी चमक में चार चांद लग गए। यह सूफी संगीत उत्सव के आयोजन के लिए मशहूर है।

# अपनी ओर आकर्षित करता है ऋषिकेश का शांत और सुरम्य वातावरण

दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए हर वीकेंड का पर्यटन स्थल ऋषिकेश धार्मिक दृष्टि से भी काफी महत्व रखता है। ऋषियों-मुनियों की इस तपोभूमि पर कई मंदिर ऐसे हैं जिनका उल्लेख पौराणिक ग्रंथों में भी मिलता है। ऋषिकेश को गढ़वाल हिमालय का प्रवेश द्वार और विश्व की योगनगरी के रूप में भी जाना जाता है। ऋषिकेश चार धाम तीर्थ स्थानों- बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के अलावा हरसिल, चोपता, औली जैसे हिमालयी पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रारम्भिक बिन्दु भी है। ऋषिकेश का शांत और सुरम्य वातावरण सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। भारत के पवित्र स्थलों में से एक ऋषिकेश में कई साधु-संतों का आश्रम भी है। ऋषिकेश की सुंदरता बढ़ाने के लिए हिमालय की निचली पहाड़ियां और कल-कल बहती गंगा नदी भी अपना योगदान देती हैं। ऋषिकेश को चारधाम यानि केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री का प्रवेशद्वार माना जाता है। यहां सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी लोग भी अध्यात्म और शांति की चाह में आते हैं और मोक्ष के लिए ध्यान लगाते हैं। ऋषिकेश के लोकप्रिय स्थलों की बात करें तो उसमें सबसे पहले लक्ष्मण झूला का नाम आता है। कहा जाता है कि गंगा नदी को पार करने के लिए लक्ष्मणजी ने इस स्थान पर जूट का झूला बनवाया था। झूले के बीच में पहुँचने पर वह हिलता हुआ प्रतीत होता है। 450 फीट लम्बे इस झूले के समीप ही लक्ष्मण और रघुनाथ मन्दिर हैं। झूले पर खड़े होकर आसपास के खूबसूरत नजारों का आनन्द लिया जा सकता है। लक्ष्मण झूला के समान राम झूला भी नजदीक ही स्थित है। त्रिवेणी घाट को ऋषिकेश में स्नान करने का प्रमुख घाट माना जाता है। इस घाट का नाम त्रिवेणी इसलिए है क्योंकि यहां तीन प्रमुख नदियों- गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है। हर रोज शाम को त्रिवेणी घाट पर होने वाली गंगा आरती देखना मन को शांति प्रदान करता है और आरती की भव्यता भी देखने लायक होती है। नीलकण्ठ महादेव मंदिर सभी को अवश्य जाना चाहिए। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी स्थान पर समुद्र मन्थन से निकला विष ग्रहण किया गया था। मन्दिर परिसर में पानी का एक प्रसिद्ध झरना है जहाँ भक्तगण मन्दिर के दर्शन करने से पहले स्नान करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी।

### वृष

आज भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

### मिथुन

कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेगी।

### कर्क

शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

### सिंह

कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

### कन्या

कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

### तुला

आंखों को रोग व चोट से बचाएं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। मनोरंजक यात्रा की आयोजना हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। मित्र व संबंधियों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कारोबार मनोनुकूल रहेगा।

### वृश्चिक

थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति हो सकती है।

### धनु

दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा।

### मकर

संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे।

### कुंभ

जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। आय में निश्चितता रहेगी।

# गौ सम्मान आवाहन अभियान को लेकर हुई बैठक

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत राष्ट्रव्यापी ज्ञापन जुलूस 27 अप्रेल को आयोजन को लेकर स्थानीय सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में गौ सेवकों एवं गौशाला समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में पोस्टर अभियान के प्रभारी चतुर्भुज सैनी ने बताया कि पूरे तहसील में पोस्टर लगाए जा रहे हैं। विजय नायक एवं दीपक डिडवानिया, विनोद प्रजापति ने 30 हजार हस्ताक्षर का लक्ष्य पूरा करने का आश्वासन दिया। समिति के धनराज इंदौरिया ने बताया आगामी 27 अप्रैल को सुबह 10 बजे सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी मंदिर से रवाना होकर जुलूस उपखंड कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस पर विस्तार से चर्चा हुई एवं बैठक में विश्व हिंदू परिषद, गायत्री परिवार, गौ रक्षक दल, पेंशनर समाज के प्रतिनिधि सहित बैठक में देवकीनन्दन सोनी, अंजनी चोटियां, रामदेव चंदनिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष लिटू कल्पनाकांत, रामोतार सेवदा, अंजनी शर्मा, सुमित स्वामी, ललित रांकावत, दीपक स्वामी, रवि पुजारी, महेन्द्र गुर्जरगौड़, नितेश जांगिड, गौरव सिंधी, अनीता महर्षि, अशोक वर्मा, प्रदीप बर्फिया, कृष्ण मोहन स्वामी, अरविंद मिश्रा, कमल शर्मा, महेश सारस्वत सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहने वाली छात्राओं को हवाई यात्रा करवाने की घोषणा

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** शान्तिदेवी कन्दोई चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के ट्रस्टी श्यामसुन्दर कन्दोई ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर रहने वाली बालिका को इनके द्वारा हवाई यात्रा करने का अवसर दिया जायेगा।

इसके अन्तर्गत बालिका को अपने एक अभिभावक के साथ बालिका को एसी बस द्वारा जयपुर भिजवाया जायेगा और जयपुर से दिल्ली तक हवाई यात्रा व वापसी में तारानगर तक एसी बस की सुविधा मिलेगी। शान्तिदेवी कंदोई राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय, तारानगर में आयोजित सम्मान समारोह में शांति देवी कन्दोई चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के मुख्य ट्रस्टी भामाशाह निरंजन कुमार कन्दोई ने वर्ष 2026 में प्रत्येक कक्षा में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाली कुल 26 बालिकाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आपके द्वारा इस विद्यालय को लगातार सम्बलन मिल रहा है। गत सत्र से आपके द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास से आवगमन के लिए बस लगा रखी है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती अर्चना और गणेश वन्दना के साथ हुआ। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकार बबलेश शर्मा ने भामाशाह कंदोई परिवार का आभार व्यक्त किया तथा उनकी घोषणा को बालिका शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित बताया। विद्यालय प्रधानाचार्य विश्वनाथ भाटी एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भामाशाहों निरंजन कुमार कन्दोई, भंवरलाल कन्दोई, श्यामसुन्दर कन्दोई, भामाशाह प्रतिनिधि अनिल कुमार सगतानी का अभिनन्दन व आभार व्यक्त किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास की बालिकाओं कल्पना, आइना आदि द्वारा नृत्य सहित पिरामिड की सुन्दर प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को भामाशाह कंदोई परिवार की ओर से 5000/नकद राशि भेंट की गई तथा सभी को लड्डू का प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय विकास समिति के वरिष्ठ सदस्य भीखमचन्द सोनी, संजय सगतानी सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक सुल्तान सिंह जांगिड़ व उर्मिला ने किया।

# जागरूकता अभियान के पोस्टर का किया विमोचन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल को मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि मलेरिया जागरूकता अभियान के पोस्टर का सीएमएचओ कार्यालय में विमोचन किया गया। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि अभियान के आज 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस से व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां की जाएगी।

इसमें लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक कर प्रदेश से मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्ष 2026 में मलेरिया की थीम ड्राइवन टू एंड मलेरिया नाउ वी केन, नाउ वी मस्ट है। उन्होनें बताया कि जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों, स्कूलों और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। जिसके तहत मलेरिया उन्मूलन के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। साथ ही जिला और ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जो गांवों में सफाई, जलभराव रोकने और मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए समन्वय करेगी। चिकित्सा संस्थानों में हैचरी की सफाई और गम्बूशिया मछली छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झुरिया ने बताया कि अभियान के तहत मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# जिला अस्पताल मे 100 बेबी किट वितरण किए

निसं



नोखा (नवयत्न)। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के मातृत्व एवं शिशु संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल नोखा वीर व यूथ केंद्र द्वारा कुल 100 बेबी किट राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में नवजात शिशुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भेंट किए गए। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत ने बताया कि ये हाईजेनिक बेबी किट प्रति माह इस चिकित्सालय में भेंट किये जाते हैं जो कि नवजात शिशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि ये बेबी किट महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा उपलब्ध करवाये गये हैं, जिन्हें राजकीय बागडी चिकित्सालय के प्रसूति विभाग की इंचार्ज प्रज्ञा बारूपाल के नेतृत्व में नर्सिंग स्टाफ को भेंट किये गए। इस अवसर पर ईश्वर चन्द दूगड़, श्याम लाल सेवग, जितेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। बागडी जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. सुनील बोथरा ने महावीर इंटरनेशनल के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# अपना घर आश्रम में हुआ बैद अतिथि गृह का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अपना घर आश्रम के संरक्षक ट्रस्टी भामाशाह जोधराज बैद के आर्थिक सौजन्य से आश्रम परिसर में बनवाए जा रहे बैद अतिथि गृह का भूमि पूजन एवं शिलान्यास शुक्रवार प्रातः विधि-विधान पूर्वक किया गया। भामाशाह प्रेरक और आश्रम ट्रस्ट के सचिव कुलदीप व्यास ने बताया कि पंडित राकेश आत्रेय के आचार्यत्व में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर और सुनीता झंवर ने भूमिपूजन और देवपूजन किया। आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विजय प्रकाश गोयल ने आधार शिला रखते हुए दानदाता बैद परिवार एवं आश्रम संचालन से जुड़े समस्त सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपने परिवार से जुड़े विशेष दिवसों को आश्रम में निवासरत प्रभुजनों के साथ मनाने के लिए आश्रम में आने वाले अतिथियों की सुविधार्थ बनवाए जा रहे इस अतिथि गृह में जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्य तिथि जैसे आयोजन तथा महापुरुषों से संबंधित कार्यक्रमों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। इस अवसर पर समाजसेवी मोतीलाल तातेड़, प्रताप बोथरा, महावीर रामगढ़िया, ललिता रामगढ़िया, सुनीता व्यास, लीलाधर सराफ, शिवलाल सिंह ढेवा, एड रामावतार ठठेरा, ओमप्रकाश शर्मा, श्याम सुंदर जोशी, पूर्व सरपंच मगाराम महला, पूनम चंद दूगड़, सांवरमल बड़जाती, गोविंदराम ढाका, हेमंत प्रजापत, अंकित जांगिड़, हेमंत रूंथला, भोजराज प्रजापत आदि उपस्थित थे।

# गुलेल गैंग का पर्दाफाश : कारों के शीशे तोड़ कीमती सामान उड़ाने वाले दो शातिर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी पूर्व टीम ने कार्रवाई करते हुए राजधानी जयपुर में लग्जरी कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप, मोबाइल और नकदी चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गुलेल गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने जयपुर सहित अलवर, भिवाड़ी और दौसा में एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इम्तियाज आलम उर्फ अमनराज 37 निवासी बिहार और रोहित कृष्णा 28 निवासी तमिलनाडु के रूप में हुई है। दोनों की मुलाकात नोएडा की कासना जेल में परमजीत यादव नामक अपराधी से हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद तीनों ने मिलकर इस गिरोह का गठन किया। वारदातों को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने ओएलएक्स के जरिए स्कूटी और पल्सर बाइक खरीदी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह का तरीका बेहद सुनियोजित था। स्कूटी सवार आरोपी पॉश कॉलोनियों, होटलों और मैरिज गार्डनों की पार्किंग में खड़ी कारों की रेकी करता था, जिनमें कीमती सामान नजर आता। इशारा मिलते ही बाइक सवार दो बदमाश मौके पर पहुंचते और गुलेल से कार का शीशा तोड़कर कुछ ही सेकंड में लैपटॉप, मोबाइल और नकदी लेकर फरार हो जाते। गिरोह का सुराग लगाने के लिए पुलिस ने करीब 100 किलोमीटर के दायरे में लगे 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही 80 होटलों और गेस्ट हाउसों के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। फिलहाल पुलिस गिरोह के तीसरे सदस्य परमजीत यादव की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार आरोपियों को तीस अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर रखा गया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी महेश चंद्र गुर्जर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल गौरव सोलंकी, अविनाश तथा कांस्टेबल अशोक कुमार व धर्मपाल की विशेष भूमिका रही।

# श्याम सेवा मित्र समिति ने शुरू की प्याऊ, आमजन को मिलेगा ठंडा पानी

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम सेवा मित्र समिति राजलदेसर के तत्वावधान में आमजन की सुविधा के लिए सुभाष चौक बस स्टैंड पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। समिति अध्यक्ष देवकिशन सुथार के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में पंडित बृजेश दाधीच ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्याऊ का उद्घाटन कराया। प्याऊ शुरू होने से राहगीरों, यात्रियों व आमजन को गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र लाटा, एडवोकेट रोहित मारू, श्रवण सैनी, भागीरथ पारीक, विट्ठल दाधीच, तुलसीराम पांडे, रतन स्वामी, जगदीश पुरोहित सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष देवकिशन सुथार ने बताया कि समिति द्वारा श्याम प्रेमियों के सहयोग से भव्य श्याम मंदिर का निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर है। इसके साथ ही समिति नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प के तहत सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से समय-समय पर पौधारोपण जैसे कार्य भी किए जाते हैं।

# हाट बाजार में सक्रिय मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश

## 20 लाख के 35 मोबाइल बरामद



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जामडोली थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लाख रुपए कीमत के 35 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह गिरोह भीड़भाड़ वाले हाट बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को डॉ. सुनील कुमार ने जामडोली स्थित गणेश मंदिर के सामने हाट बाजार में मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी रतन सिंह कविया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सघन तलाश शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू ठाकुर 24 निवासी साहिबगंज, झारखंड को गिरफ्तार कर लिया।

इसके साथ ही वारदात में शामिल दो बाल अपचारियों को भी निरुद्ध किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 35 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनमें 3 आईफोन और 31 अन्य कंपनियों के एंड्रॉयड फोन शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह संगठित तरीके से काम करता था और जयपुर से चोरी किए गए मोबाइल फोन अपने नेटवर्क के जरिए अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेच देता था। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी के माल को खपाने वाले नेटवर्क की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के सिपाही पवन कुमार और कृष्ण कुमार की विशेष भूमिका रही।

# टीचर ने 8वीं के छात्र को पीटकर किया बेहोश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल में नाबालिग छात्र के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। आरोप है कि ट्रायल पर पढ़ाने आए एक शिक्षक ने 12 वर्षीय छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दीए जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। पीड़ित छात्र के पिता ने 22 अप्रैल को करणी विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार करणी विहार निवासी व्यक्ति का बेटा पास के एक निजी स्कूल में कक्षा 8वीं का छात्र है। शनिवार को स्कूल में गणित की ट्रायल क्लास लेने के लिए धारा सिंह नाम का शिक्षक आया था। आरोप है कि क्लास के दौरान छात्र बेंच के पास खड़े होकर अपने साथी से किताब ले रहा था, इसी बात पर शिक्षक अचानक गुस्से में आ गया और उसने छात्र को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि शिक्षक ने छात्र के सिर और चेहरे पर 15 से 20 वार किए। मारपीट के दौरान छात्र का चश्मा गिर गया और वह डर के मारे कांपने लगाए लेकिन इसके बावजूद शिक्षक नहीं रुका। वह छात्र को क्लास से बाहर बरामदे में ले गया और उसका सिर दीवार से टकरा दिया। लगातार मारपीट के कारण छात्र बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के डीन और अन्य शिक्षक मौके पर पहुंचे और छात्र को संभाला। घर पहुंचने के बाद अगले दिन छात्र ने डर के कारण स्कूल जाने से इनकार कर दियाए तब उसने अपने पिता को पूरी घटना बताई। पीड़ित के पिता ने स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया, जिस पर उन्हें बताया गया कि संबंधित ट्रायल टीचर को जॉइनिंग नहीं दी जाएगी। इधर, पुलिस ने स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत विनियामक भवन में आग : रिकॉर्ड सुरक्षित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्योति नगर थाना क्षेत्र में सहकार मार्ग स्थित विद्युत विनियामक भवन की चौथी मंजिल पर शुक्रवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। धुआं उठता देख कर्मचारियों ने तत्काल बिल्डिंग खाली कर दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार जिस कमरे में आग लगी वह कॉन्फ्रेंस हॉल था, जिसे वर्तमान में रिकॉर्ड रूम के रूप में उपयोग किया जा रहा था और वहां महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना की सूचना पर प्रमुख ऊर्जा सचिव आरती डोगरा और विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आयोग के अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने बताया कि आग से कुछ दस्तावेज और फर्नीचर को नुकसान पहुंचा है, हालांकि सभी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड सुरक्षित हैं क्योंकि उनका डिजिटाइड बैकअप भी मौजूद है। उन्होंने बताया कि भवन में लगे अलार्म सिस्टम के सक्रिय होते ही अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए और धुआं बाहर निकालने के लिए खिड़कियां व आउटलेट खोल दिए गए। दमकल टीम 5 से 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई, जिससे समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सका। एहतियात के तौर पर रिकॉर्ड्स को अन्य सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है। हालांकि आसपास के कमरों में किसी अन्य विद्युत खराबी के संकेत नहीं मिले हैं, फिर भी पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कराई जाएगी। समय रहते आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# सुजला कॉलेज तिराहे पर 22 वर्षीय युवक की हत्या



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** दावत में युवाओं के बीच हुआ झगड़ा एक युवक की हत्या तक पहुंच गया। गुरुवार की रात सुजानगढ़ के रहने वाले 22 साल के सरफराज तैली की उसके साथियों ने ही हत्या कर दी। रात करीब साढ़े 10 बजे सुजला तिराहे पर किसी ने खून से लथपथ पड़े 22 साल के सरफराज को देखा। जिसके बाद जसवंतगढ़ पुलिस और टीम हारे का सहारा के श्याम स्वर्णकार मौके पर पहुंचे। शव को लाडनूं के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया गया। इधर शुक्रवार की सुबह पता चलने पर लाडनूं अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। नागौर से आई एसएफएल टीम ने मौके से खून और चाकू की जांच कर सैंपल उठाए। युवाओं के बीच में विवाद की शुरुआत जसवंतगढ़ में हुई एक दावत से हुई थी। इसके बाद अपने घर जा रहे सरफराज का पीछा कर युवकों ने सुजला चौराहे पर चाकू मार कर मर्डर कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एक प्रयास टीम की ओर से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** इंद्रलोक भवन मे शुक्रवार को एक प्रयास टीम की ओर से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 80 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर में संतोकोभा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल जयपुर की ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। एक प्रयास टीम की ओर से रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर एक प्रयास टीम के सदस्य लीलाधर मित्तल, मोहित जैन, राजीव सोनी, ऋषि सरावगी, अमित सगतानी, अंजनी चाचाण, विपिन सरावगी, पवन केजड़ीवाल, नितिन सगतानी, अरुण बंसल, संजय सगतानी, आकाश दूदानी, गोविन्द सरावगी, उदय चोरडिया सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# आंत और पेट को हेल्दी रखने के लिए पिएं ये प्रोबायोटिक ड्रिंक्स



शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के लिए खानपान का संतुलित और पौष्टिक होना बहुत जरूरी है। खानपान का सीधा असर आपकी आंत और पेट पर होता है और अगर आपके पेट में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो इसका सीधा असर आपके पेट पर पड़ता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि शरीर में प्रतिरक्षा प्रणाली का 70 प्रतिशत हिस्सा आंत के दीवारों के भीतर होता है। ऐसे में शरीर को रोगमुक्त बनाए रखने के लिए और फिट रखने के लिए पाचन तंत्र को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। आंतों और पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। अगर हम प्रोबायोटिक शब्द के अर्थ को ही देखें तो इसका मतलब होता है जीवन के लिए। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रोबायोटिक आपके स्वास्थ्य के लिए कितना जरूरी है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए और आंत व पेट को हेल्दी रखने के लिए प्रोबायोटिक ड्रिंक्स का सेवन बहुत उपयोगी माना जाता है। शरीर में ज्यादातर परेशानियां और समस्याएं पेट से ही शुरू होती हैं ऐसे में इनसे बचने के लिए पेट के स्वास्थ्य का ख्याल जरूर रखना चाहिए। पाचन तंत्र में मौजूद एंजाइम को संतुलित करने के लिए और पेट में अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन बनाने के लिए इन ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।





### प्रोबायोटिक नींबू पानी

नींबू पानी का सेवन पेट और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आपको प्रोबायोटिक लेमन वाटर के बारे में पता है? यह आम नींबू पानी से थोड़ा अलग होता है। इसे आसानी से घर पर तैयार भी किया जा सकता है। यह ड्रिंक न सिर्फ आपके पाचन तंत्र के लिए उपयोगी होती है बल्कि इसके सेवन से आपकी स्किन और शरीर के कई अन्य अंगों को भी फायदा मिलता है। इस ड्रिंक को तैयार करने के लिए आप सबसे पहले ब्राउन शुगर को कंज के जार में डालकर उसे थोड़ा गर्म पानी की सहायता से घोल लें। जार में नींबू का रस डालकर इसमें पानी मिला लें। इसके बाद इसमें मट्ठा डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब इस जार को कसकर बंद कर दें और इसे 2 से 3 दिन तक ऐसे ही रखा रहने दें। इसके बाद इसे फ्रिज में स्टोर करें और रोजाना सेवन करें।

### छाछ का सेवन

छाछ का सेवन गर्मी के मौसम में भारत के हर कोने में किया जाता है। यह बहुत ही फायदेमंद प्रोबायोटिक ड्रिंक माना जाता है। इसमें मौजूद गुड बैक्टीरिया आंत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आप आसानी से छाछ की ड्रिंक घर पर तैयार कर सकते हैं। इसे तैयार करने के लिए सभी चीजों को ब्लेंडर में डालकर अच्छी तरह से ब्लेंड कर लें। अब इसे किसी बर्तन में निकाल लें। आप इस ड्रिंक में अपने स्वाद के अनुसार नमक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कांजी

कांजी सेहत के लिए फायदेमंद बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक पेय है। इसमें शरीर के लिए फायदेमंद अच्छे बैक्टीरिया पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसे आप घर आसानी से बना भी सकते हैं। पाचन तंत्र के लिए यह ड्रिंक बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। इसका नियमित सेवन करने से आपकी आंत और पाचन तंत्र के साथ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत होती है। सबसे पहले गाजर और चुकंदर को छीलकर काट लें। इसके बाद राई को हल्का मोटा पीस कर रख लें। अब सभी चीजों को एक बर्तन में रखकर ढक दें। कांच के बर्तन में इन चीजों को रखें और ढक्कन हल्का खुला रखें। इसे 5 से 6 दिनों तक धूप में रखें। इसके बाद पानी को छानकर पियें।

### एप्पल साइडर विनेगर



फर्मेंटेड कच्चा एप्पल साइडर विनेगर शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे तैयार करने का तरीका इस प्रकार से है–

- सेब का सिरका –2 बड़े चम्मच।
- सेब का रस – 2 बड़े चम्मच।
- ठंडा पानी –1 गिलास।
- दालचीनी – 1 चुटकी।

इन सभी चीजों को एक कप में मिलाएं। इसके बाद इसे फ्रिज में कुछ देर तक ठंढा होने के लिए रखें। थोड़ी देर बाद इसे बर्फ डालकर पियें।

# प्रेगनेंसी में अंडा खाने से पहले जान लें ये जरुरी बातें वरना बच्चे को हो सकता है नुकसान



अक्सर गर्भवती महिलाओं के मन में यह सवाल होता है कि प्रेगनेंसी में अंडा खाना चाहिए या नहीं। प्रेगनेंसी में महिला द्वारा गाया गया भोजन ना सिर्फ उसके स्वास्थ्य को बल्कि उसके शिशु के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालता है। वैसे अंडा हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हेल्दी होता है. इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन मौजूद होता है. इससे गर्भवती महिला और और गर्भ में पल रहे शिशु को कई फायदे होते हैं।

**प्रेगनेंसी में कितने अंडे खाने चाहिए :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रेगनेंसी मैं अंडे का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। डॉक्टर्स के मुताबिक एक गर्भवती महिला को 1 दिन में कितने अंडे खाने चाहिए यह उसके शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रोल के स्तर पर निर्भर करता है। यदि महिला के कोलेस्ट्रोल का स्तर सामान्य है तो वह एक सप्ताह में तीन से चार अंडे खा सकती है।

**प्रेगनेंसी में अंडे खाने के फायदे :** प्रेगनेंसी में अंडा खाने से गर्भवती महिला को प्रोटीन मिलता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रेगनेंसी में गर्भवती महिला को करीब 40 से 70 ग्राम प्रोटीन लेना चाहिए। एक अंडे में लगभग 7 ग्राम प्रोटीन होता है। ऐसे में अंडा खाने से गर्भवती महिला को प्रोटीन मिलता है जिससे गर्भ में पल रहे शिशु के विकास में मदद मिलती है। अंडे में प्रोटीन के साथ-साथ कई तरह के विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व महिला और शिशु के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। अंडे में कॉलिन नाम का तत्व पाया जाता है जो भ्रूण के मस्तिष्क के विकास में फायदेमंद होता है। अंडे में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है इसलिए प्रेगनेंसी में अंडे का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। इससे प्रेगनेंट में जेस्टेशनल डायबिटीज का खतरा कम होता है। प्रेगनेंसी में अंडे का सेवन करने से एनीमिया का खतरा कम होता है। इससे शरीर को आयरन मिलता है और खून की कमी दूर होती है। प्रेगनेंसी में अंडे का सेवन करने से गर्भवती महिला को ऊर्जा मिलती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

प्रेगनेंसी में अंडे का नियमित सेवन फायदेमंद होता है। इसमें प्रोटीन और फैट जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। आप उबला अंडा, अंडा भुर्जी या आमलेट, किसी भी तरह अंडे का सेवन कर सकती हैं। लेकिन प्रेगनेंसी के दौरान अंडे का सेवन करने को लेकर महिलाओं को थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। प्रेगनेंसी में अंडे का सेवन करते समय इस बात का ध्यान देखें इससे अच्छी तरह पकाकर ही खाएं। प्रेगनेंसी में अधपकी चीजें खाने से आपके और आपके बच्चे के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है।

# ज्यादा टीवी देखने से बच्चों की सेहत पर इन तरीके से पड़ता है असर, इस आदत को छुड़ाने के उपाय

आज के समय में बिना फोन और गैजेट्स के जिदंगी की कल्पना करना मुश्किल है। ये बात सिर्फ बड़े हो रहे बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि छोटे बच्चों पर भी लागू होती है। आजकल छोटे बच्चे भी खाना खाते वक्त या सोने से पहले टीवी देखना पसंद करते हैं लेकिन कई बच्चों की यह आदत होती है कि उन्हें काफी देर टीवी देखना पसंद करते हैं। उन्हें देर तक अपने पसंद का कार्टून देखना और फिल्म देखना पसंद करते हैं। इससे उनकी आदत बिगड़ सकती है और कभी-कभी माता-पिता अपने लिए समय निकालने या काम के चक्कर में भी बच्चों को टीवी के सामने बैठा देते है ताकि वे आराम से अपना काम कर सकें लेकिन इससे धीरे-धीरे बच्चों की आदत खराब हो जाती है। वह बिना टीवी देखे खाना खाते ही नहीं या फिर वे बाहर खेलने जाने की जगह घर पर बैठकर टीवी देखना पसंद करते है। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बाधित होने लगता है। इस लेख में हम विस्तार से जानते है कि बच्चों पर टीवी ज्यादा देखने के क्या नुकसान होते हैं और बच्चों को अधिक टीवी देखने से कैसे दूर रख सकते है।



**व्यवहार संबंधी समस्याएं :** कई बार बच्चों में अधिक टीवी देखने के कारण व्यवहार समस्या हो सकती है। वे काफी चिड़चिड़े हो जाते है। जैसे अगर वह टीवी देख रहे होते हैं और उन्हें उनके माता-पिता बुलाते भी है, तो उन्हें इससे चिड़चिड़ापना होता है। साथ ही इससे वह चिल्लाने और रोने भी लगते हैं। इसके अलावा वह लोगों से कम बात करते है, दूसरों की बातों पर कम ध्यान देते हैं और भावनात्मक रूप से कम जुड़ पाते है।

**शैक्षिक समस्याएं :** कई बार बच्चों के रूम में टीवी होने पर उनका पढ़ने में मन नहीं लगता है। वह पढ़ने से ज्यादा टीवी देखने पर ध्यान देते है और इस चक्कर में उनकी प्रदर्शन खराब होता है। इसके अलावा कई बार बच्चे पढ़ने के दौरान भी अपने फेवरेट कार्टून या कैरेक्टर के बारे में सोचते रहते हैं।

**हिंसा :** कई बार बच्चों की बात न मानने पर वे काफी उग्र हो जाते हैं और घर की चीजें तोड़ने लगते है। दरअसल टीवी पर आने वाले हिंसक शो, फिल्मों, संगीत और वीडियो गेम के कारण बच्चों के मन पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है और वे असंवेदनशील हो सकते हैं। इसलिए हमें बच्चों के टीवी देखने के समय को नियंत्रित करने की जरूरत है।

**नींद की समस्या :** दरअशल टेलिविजन से निकलने वाला प्रकाश बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभआव डालता है और इससे सोने का समय प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा बच्चों के आंखों में दर्द की समस्या के कारण भी उन्हें सोने में परेशानी हो सकती है। इन सब कारणों से बच्चे अनिद्रा का शिकार हो सकते है, जिससे उनका स्वास्थ प्रभावित हो सकता है।

**मोटापा :** बच्चों की आदत होती है कि वह टीवी देखते हुए खाना पसंद करते है। खाना खाते वक्त टीवी देखने के कारण उन्हें पता ही नहीं चलता है कि उन्होंने कितना खाना खा लिया और इस चक्कर में वह ज्यादा खाना खा लेते हैं। दरअसल हमारा पेट भरा है या नहीं, इस बात को हमारे मस्तिष्क भोजन शुरु करने के 20 मिनट बाद बता पाता है और टीवी देखने की होड़ में बच्चे या तो जल्दी खाना खाते है या टीवी देखते हुए खाते है। इस दौरान उन्हें पता ही नहीं चलता है कि उन्होंने ज्यादा खाना खा लिया है और धीरे-धीरे उनका मोटापा बढ़ता जाता है, जो उनके लिए काफी हानिकारक है।

### बच्चों को ज्यादा टीवी देखने से कैसे रोकें

- आप अपने बच्चों के लिए खुद रोल मॉडल बनें। कोशिश करें कि सीमित समय के लिए मोबाइल फोन या नेटफ्लिक्स पर सीरिज देखें क्योंकि बच्चा अपने बड़ों को देखकर ही ये सब कुछ सीखता है।
- परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। घर पर एक नियत समय पर सभी लोगों का फोन, टीवी, कंप्यूटर और गैजेट्स बंद कर दें। उस समय को सभी एक-दूसरे के साथ बातचीत करके और खेलते हुए बिताएं।
- ऐसे गैजेट्स या टूल्स का उपयोग करें, जिसपर आप नियंत्रण रख सकते है और अवांछित कंटेंट को फिल्टर या ब्लॉक कर सकते हैं। ताकि आप एक नियत समय के बाद डिवाइस खुद बंद कर सकें।
- टीवी देखने की जगह बच्चों का ध्यान अन्य गतिविधियों की ओर ले जाएं। जैसे मेमोरी गेम्स खेलना, घर पर कुछ काम करना या बगीचे में आपकी मदद करने को कहें। इससे बच्चा कुछ क्रिएटिव चीजें करने की कोशिश करता है।
- अपने बेडरूम को स्क्रीन फ्री रखें ताकि बच्चा सोते वक्त टीवी देखने की जिद न करें।

# स्किन पिगमेंटेशन दूर करते हैं ये फल

हम सभी अपनी खूबसूरत और दमकती स्किन के लिए काफी मेहनत करते है। लेकिन चेहरे के पिगमेंटेशन आपकी सुदंरता को खराब कर सकते है। इस स्थिति में चेहरे के आसापास और गले में काले दाग-धब्बे हो जाते है, जिसके कारण स्किन खूबसूरत नजर नहीं आती है और आप भी अंदर से आत्मविश्वास का अनुभव नहीं करते हैं। दरअसल पिगमेंटेशन जैसी स्थिति आपके शरीर में मेलेनिन की मात्रा पर निर्भर करती है। अधिक मेलेनिन की मात्रा के कारण आपकी त्वचा पर काले दाग-धब्बे अधिक दिखाई देते है।

शरीर में मेलेनिन सूर्य की किरणों के अधिक देर संपर्क में रहने के कारण और बढ़ सकता है। इससे हाइपरपिग्मेंटेशन की समस्या हो सकती है लेकिन पिगमेंटेशन की समस्या को अच्छे खानपान की मदद से ठीक किया जा सकता है। इसे त्वचा साफ और फ्रेश नजर आती है। साथ ही कुछ आसान उपाय अपनाकर आप इसे कम कर सकते है।



**अनार :** अनार खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, उतना ही इसके स्वास्थ्य लाभ भी है। अनार स्किन के लिए सुपरफूड है। इसमें पॉलीफेनोल्स पाया जाता है, जो धूप से त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाता है। साथ ही इसमें विटामिन ए, सी, ओमेगा फैटी एसिड और जिंक पाया जाता है, जो स्किन पिगमेंटेशन को दूर करने में काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा एंटीऑक्सीडेंट तनाव को दूर करने में भी मदद करते हैं।

**पपीता :** पपीता कोो अपनी डाइट में शामिल करने से त्वचा में मेलेनिन का उत्पादन कम हो सकता है। इसमें पापेन नामक एंजाइम पाया जाता है, जो एक बेहतरीन एक्सोफिलएंट है। इसकी मदद से त्वचा की रंगत साफ नजर आती है। साथ ही इसमें फाइबर और मिनरल्स भी पाए जाते है, जिससे शरीर पिगमेंटेशन को कम करने में मदद मिलती है। इसका फेसपैक भी पिगमेंटेशन के लिए काफी फायदेमंद है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** हरी सब्जियों की मदद से त्वचा की रंगत में निखार आता है। इसमें कैरोटेनॉयड्स होते हैं, जो सूर्य की किरणों से त्वचा की रक्षा करते हैं और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करते हैं। साथ ही इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो सभी तरह की स्किन समस्याओं में फायदेमंद है। इसके लिए आप पालक, ब्रोकली, तोरी और केला जैसी हरी सब्जियां खा सकते है।

**गाजर :** गाजर की मदद से भी त्वचा की रंगत साफ होती है। इसमें कुछ खनिज और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़कर त्वचा की पिगमेंटेशन को कम करती है। इसे आप पीसकर फेसपैक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते है।

**संतरा :** संतरा पिगमेंटेशन को कम करने में काफी लाभाकारी माना जाता है। इसकी मदद से चेहरा खूबसूरत नजर आता है।

इसके फल में विटामिन सी, ए और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा आप इसके छिलके भी काफी फायदेमंद होते है। इन्हें सुखाकर आप फेसपैक बना सकते है।

### इन चीजों से रहें सावधान

- पिगमेंटेशन कम करने के लिए आप ऐसे आहार का सेवन न करें, जिससे शरीर में मेलेनिन की मात्रा बढ़ सकती है। मेलेनिन के उत्पादन के कारण ही आपकी त्वचा पर काले धब्बे दिखाई देते हैं।
- इसके लिए अधिक मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट युक्त पदार्थों का सेवन करें। इससे स्किन पिगमेंटेशन में मदद मिलती है। मछली का सेवन स्किन के लिए काफी अच्छा होता है लेकिन इससे शरीर में मेलेनिन की मात्रा बढ़ सकती है।
- कुछ पदार्थों में रासायनिक तत्व होते हैं, जो हाइपरपिगमेंटेशन की स्थिति को और खराब कर सकते है।
- पिगमेंटेशन को कम करने के लिए डीप-फ्राई, मसालेदार और ऑयली फूड का सेवन न करें। इससे समस्या और बढ़ सकती है।

# 3 ऐसे संकेत जो इशारा करते हैं शरीर के अंदर पनप रही बीमारियों को ओर

दिनभर मूड चिड़चिड़ा रहना, काम करने का दिल न करना, बिस्तर पर लेटे रहना, कमजोरी का एहसास होते रहना...ये सारी चीज़ें कभी-कभार की बात हो तो इग्नोर की जा सकती हैं लेकिन अगर ये आपकी दिनचर्या में शामिल हो चुकी हैं तो इस ओर खासतौर से ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा इसलिए क्योंकि इनके जरिए हमारी बॉडी अंदर पनप रहे कुछ खास तरह की बीमारियों की ओर इशारा करती है। जिसकी अनदेखी आगे चलकर किसी गंभीर समस्या का रूप ले सकती है। तो आइए जानते हैं इनके बारे में विस्तार से। जिससे समय रहते इनका उपचार किया जा सके।

## 1. थकान

दिनभर थकान महसूस होना तनाव, बेचैनी और अन्य दूसरी बीमारियों की ओर संकेत करती है। जिसके चलते कुछ भी करने का दिल नहीं करता और बिस्तर पर पड़े रहने से अलग तरह का स्ट्रेस होने लगता है। तो अगर आप अक्सर ही इस परेशानी का सामना कर रहे हैं तो इसे नजरअंदाज करने की गलती सेहत पर भारी पड़ सकती है। इसलिए डॉक्टर से दिखाएं और जरूरी उपचार शुरू कर दें।


## 2. जी मिचलाना

जी मिचलाने की समस्या को लोग खानपान में गड़बड़ी, गैस और एसिडिटी से जोड़कर अनदेखा कर देते हैं। लेकिन ये भी एक तरह का संकेत होता है धीरे-धीरे पनप रही बीमारी का, अगर लगातार ही यह बनी हुई है तब। कभी-कभार होने पर घबराने की जरूरत नहीं है।

## 3. सिरदर्द

लगातार होने वाला सिरदर्द माइग्रेन या किसी अन्य समस्या का संकेत देता है। इसलिए, अगर आपको अक्सर सिरदर्द की प्रॉब्लम रहती है तो बिना देर किए किसी विशेषज्ञ से दिखाएं। कई बार सिरदर्द लगातार न होकर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर भी होता रहता है इस वजह से भी लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन अगर किसी भी तरह इससे आपकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है तो इसे अनदेखा करने की गलती न करें।

## गौ सम्मान आह्वान के तहत 27 अप्रैल को तहसीलदार को सौंपेंगे ज्ञापन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत 27 अप्रैल को राजलदेसर में संतों के सानिध्य में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह अभियान देशभर में गौ माता के संरक्षण और सम्मान को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान से जुड़े शिव भगवान सोनी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हस्ताक्षर अभियान चलाकर आमजन का समर्थन जुटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल को बड़ी संख्या में गौ भक्त एकत्रित होकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इससे पूर्व दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज एवं भगवती भद्रकाली शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने अभियान के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। संतों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गौ माता के सम्मान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने तथा गौवंश के संरक्षण और सुरक्षा के लिए ठोस कानून लागू करवाना है। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक वर्ग एवं गौसेवा से जुड़े लोगों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। आयोजकों ने सभी वर्गों से अपील की है कि वे इस अभियान में शामिल होकर गौ संरक्षण के इस प्रयास को सफल बनाएं। ज्ञापन के समय संत सुरजीत नाथ महाराज सहित अन्य संत भी सम्मिलित होंगे.

## किसान की आंखों में धूल झोंक 92 हजार उड़ाने वाली तिकड़ी गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फसल बेचकर घर लौट रहे। एक किसान का ध्यान भटका कर नकदी पार करने वाले शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई राशि और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### बातों में उलझाया और जेब से पार कर दी नकदी

डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 3 अप्रैल को परिवादी महेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बगरू मंडी में ग्वार की फसल बेचकर 92 हजार रुपये लेकर लौट रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने अपनी बाइक परिवादी के आगे गिरा दी। जब किसान उन्हें संभालने लगाए तो आरोपियों ने उसे बातों में उलझा लिया और जेब से रुपयों से भरा पैकेट निकालकर फरार हो गए। एडिशनल डीसीपी राजेश कुमार गुप्ता और एसीपी हेमेन्द्र शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी बगरू के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की सूचना पर सवाई माधोपुर निवासी तीन बदमाशों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कालू 25, सूरज 24 और विक्की बावरी 19 के रूप में हुई है।

### शातिर अपराधी हैं आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं। मुख्य आरोपी कालू और सूरज के खिलाफपूर्व में भी चोरी और लूट के कई मामले दर्ज हैं। यह गिरोह अक्सर मंडियों और बैंकों के बाहर रेकी करता था और अकेले जा रहे बुजुर्गों या किसानों को अपना निशाना बनाता था।

## पुलिस की नशे के खिलाफ स्ट्राइक : पांछा क्लब पर छापा मार अवैध हुक्का बार पकड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने वाले अवैध हुक्का बारों के खिलाफ जयपुर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला दक्षिण की स्पेशल टीम डीएसटी और महेश नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए स्वेज फार्म स्थित श्पांछा क्लब पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध हुक्का सामग्री जब्त कर मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि शहर में अवैध रूप से चल रहे हुक्का बारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी। इस पर एडिशनल डीसीपी ललित कुमार शर्मा और एसीपी सोडाला सुनील प्रसाद के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने जब पांछा क्लब पर दबिश दीए तो वहां कई युवक हुक्का पीते हुए मिले। पुलिस की अचानक हुई इस कार्यवाही से कैफे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से 10 हुक्के, 10 पाइप, 10 चिलम और भारी मात्रा में नशीले हुक्का फ्लेवर बरामद किए हैं। पुलिस ने अवैध रूप से हुक्का पिलाने के आरोप में क्लब के मैनेजर रामखिलाड़ी मीणा निवासी बांदीकुई और उसके साथी शुभम चौधरी निवासी चिथवाड़ी को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफकोटपा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्यवाही के दौरान कैफे के भीतर हुक्का पीते मिले 4 युवकों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। कोटपा अधिनियम की धाराओं के तहत उन पर 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही दो अन्य संदिग्धों को शांति भंग की धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। डीसीपी दक्षिण ने स्पष्ट किया है कि रिहायशी इलाकों और कैफे की आड़ में अवैध नशा परोसने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की यह कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

## आज होगा स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय धूम धड़ाका चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 25 अप्रैल स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेटलर ट्रस्टी बसन्त कुमार बोरड़ ने बताया कि स्टेशन रोड़ स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता एएसपी दिनेश कुमार करेंगे।

# पुष्य नक्षत्र प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज का वेद मंत्रोच्चार के साथ हुआ अभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुष्य नक्षत्र पर राजधानी जयपुर में शुक्रवार को प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज का वेद मंत्रोच्चार के साथ पुष्याभिषेक किया गया। दूध और पंचामृत से अभिषेक कर सिंदूरी चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। अथर्वशीर्ष मंत्रों के साथ मोदक अर्पित किए गए। गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में पुरुषाकृति गणेश जी का पंचामृत अभिषेक कर पुष्पों से पुष्पों से श्रृंगार किया गया। खीर एवं अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में महंत पं. कैलाश शर्मा के सानिध्य में 51 किलो दूध, 21 किलो दही, घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र से विघ्न विनाशक का अभिषेक किया गया। गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल से अभिषेक के बाद पंचामृत अभिषेक किया गया। अंत में गंगाजल से शुद्ध स्नान कराया गया। सिंदूरी चोला चढ़ाने के बाद भगवान को श्री गणपति सहस्त्रनाम के साथ 1001 मोदक अर्पित किए गए। पूजन के बाद श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र एवं स्वास्थ्य के लिए हल्दी का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। अपराह्न काल में भगवान श्री गणेश जी महाराज को फूल बंगले में विराजमान किया गया और खीर का भोग लगाया गया।

### चांदपोल गणेश मंदिर में भव्य अभिषेक : 101 किलो दूध से हुआ पूजन

चांदपोल परकोटा स्थित गणेश मंदिर में शुक्रवार को शुभ शुक्र पुष्य नक्षत्र के अवसर पर भगवान गणेश का भव्य अभिषेक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और गणपति बप्पा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। महंत पंडित अमित शर्मा के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश का 101 किलो दूध एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके अंतर्गत दूध, दही, शहद, गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल और केसर जल से विधिवत पूजा-अर्चना की गई। अभिषेक के पश्चात भगवान गणेश को सिंदूर का चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण कराई गई, जिससे मंदिर का वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित हो उठा। पूजन के दौरान गणपति अथर्वशीर्ष एवं गणपति अष्टोत्तर नामावली का पाठ कर भगवान को मोदक अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करते हुए गणेश जी को दूर्वा अर्पित की और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भक्तों को प्रसाद स्वरूप हल्दी की गांठ एवं सुपारी वितरित की गई, जिसे लक्ष्मी स्वरूप मानकर श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।



### यहां भी हुआ प्रथम पूज्य का पुष्याभिषेक

ब्रह्मपुरी स्थित दक्षिणावर्ती नहर के गणेश मंदिर में महंत जय शर्मा के सान्निध्य में गणपति का दुर्वा मार्जन अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। मोदकों का भोग अर्पण किया गया। सूरजपोल बाजार स्थित श्वेत सिद्धि विनायक मंदिर में गणेशजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण करवाई गई। चौड़ा रास्ता के काले गणेशजी, दिल्ली बाईपास रोड स्थित आत्माराम गणेश मंदिर, बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजा धीश गणेश जी सहित अन्य गणेश मंदिरों में भी पुष्याभिषेक के आयोजन हुए।

# धारदार खंजर से युवक की निर्मम हत्या

## लड़की से सगाई की बात को लेकर चल रही थी रंजिश

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सुजला चौराहे पर गुरुवार रात्रि युवक की हुई निर्मम हत्या मामले ने शुक्रवार सुबह तूल पकड़ लिया। घटना के बाद मृतक के समाज के लोग राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए और शव को लेने से इंकार कर दिया।

### मौके पर रक्त रंजित खंजर व स्कूटी बरामद :

मृतक के चाचा लाल मोहम्मद के अनुसार गुरुवार रात्रि करीब 9 बजे सरफराज खींची पुत्र उमरदीन खींची निवासी चांद नगर सुजानगढ़ अपने दोस्त के बुलावे पर जसवंतगढ़ में दावत पर गया हुआ था उसके बाद खाना खाकर वापस लौटते समय सुजला तिराहे पर अरबाज और उसके दोस्तों ने उसकी स्कूटी के आगे बाइक लगाकर रोक लिया और खंजर नुमा चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हमला कर दिया जिससे मौके पर ही सरफराज की मौत हो गई। यह हत्या सुनियोजित तरीके से की गई । सूचना मिलने के बाद जसवंतगढ़ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां एक रक्त रंजीत खंजर नुमा चाकू और एक स्कूटी बरामद की है। घटना के बाद मृतक का शव लाडनूं के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया जिसका पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव लेने से इंकार कर दिया।



### लड़की की सगाई को लेकर चल रहा था विवाद :

पुलिस अधिकारियों को घटना से जुड़े कुछ इनपुट प्राप्त हुए है जिसमें एक लड़की से सगाई करने की बात को लेकर अरबाज और सरफराज के बीच अनबन होने की बात सामने आई है। इस बात को लेकर पूर्व में भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने मामले में फिलहाल तीन संदिग्ध युवकों को सुजानगढ़ क्षेत्र से डिटेन कर लिया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

## प्रिंस कॉलेज में यूपीएससी एवं एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन



सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज में यूपीएससी व एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया एवं टॉपर विद्यार्थियों का नकद पुरस्कार से सम्मान किया गया। यूपीएससी मेगा टैलेंट हंट में प्रथम रैंक पर रहे यश वर्मा को 5100 नकद पुरस्कार, द्वितीय रैंक प्रियंका मील को 3100 रूपए तृतीय रैंक प्रज्ञा कुमावत को 2100 चतुर्थ रैंक कोमल चौधरी को 1100 एवं 5वीं से 20वीं रैंक तक प्रत्येक प्रतिभागी को 500 नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट में प्रथम रैंक पर रही माही सुंदरिया को 5100 नकद पुरस्कार, द्वितीय रैंक परीक्षित को 3100 तृतीय रैंक केशव चौधरी को 2100 चतुर्थ रैंक हिमांशु थोरी को 1100 एवं 5वीं से 20वीं रैंक तक प्रत्येक प्रतिभागी को 500 नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने यूपीएससीए आरपीएससी व एसएससी सीजीएल में सफलता के सक्सेस टिप्स देते हुए सकारात्मक ऊर्जा के साथ लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। साथ ही कॉलेज प्रथम वर्ष से ही यूपीएससी व एसएससी के प्रीवियस ईयर क्वेश्चन पेपर्स सॉल्व करने, न्यूजपेपर रीडिंग व राइटिंग स्किल्स पर विशेष फोकस करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मनीष यादव, कोऑर्डिनेटर कुलदीप सिंह, अनिल शर्मा, कृष्ण शर्मा सहित समस्त व्याख्याता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तेजाजी महाराज मंदिर का भूमि पूजन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव कनवारी में शुक्रवार को लोक देवता तेजाजी महाराज के भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधि-विधान से पंडित धनेश शर्मा के सान्निध्य में मंदिर की धर्मशीला मुख्य यजमान हनुमानराम बाजिया ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर स्थापित की। इस दौरान पूरे वातावरण में धार्मिक भावनाओं का संचार हुआ। पूर्व जिला सदस्य रामकिसन जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से तेजाजी महाराज का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। मंदिर परिसर में विद्यार्थियों के लिए एक हाईटेक पुस्तकालय का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को अध्ययन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्य समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया।



## अवैध निर्माणों की जांच के लिए बनाई चार सदस्य कमेटी

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद क्षेत्र में अवैध निर्माणों की मौका रिपोर्ट तैयार करने के लिए कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने कमेटी का गठन किया है। जानकारी के अनुसार कमेटी द्वारा जांच की जायेगी कि आवासीय या व्यवसायिक निर्माण या भवन अनुमोचित मानचित्र के अनुरूप है। या नहीं इस कमेटी में मौका निरीक्षण के लिए सहायक अभियंता सुश्री चारवी राव, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल को शामिल किया गया है।

# गोविंद देवजी मंदिर में श्री सुरभि गायत्री महायज्ञ रविवार को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश के सभी संतों-महंतों के सानिध्य में सनातन धर्मावलंबियों की ओर से 27 अप्रैल को चलाए जाने वाले गौ सम्मान आह्वान अभियान के समर्थन में रविवार, 26 अप्रैल को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह आठ बजे से श्री सुरभि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। युग तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित यज्ञ में भगवान से गौमाता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने की भाव भरी प्रार्थना की जाएगी। यज्ञ देसी नस्ल की गाय के गोबर से तैयार गौकाष्ठ से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली यज्ञ संपादित करागी। यज्ञ में सभी श्रद्धालुओं को आहुतियां अर्पित करने का अवसर मिलेगा। किसी भी प्रकार की सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं है।

### गौ संरक्षण पूरे समाज का दायित्व-गोस्वामी

शुक्रवार को आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी के श्रीचरणों में श्री सुरभि गायत्री महायज्ञ का पोस्टर अर्पित कर कार्यक्रम के निर्विघ्न रूप से संपन्न होने की कामना की गई। पोस्टर विमोचन के मौके पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता, पर्यावरण, वन, एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी, गौ क्रांति मंच के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी एवं अन्य भी उपस्थित रहे। श्री माध्व गौड़ेश्वराचार्य एवं गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कहा कि भारतीय परंपरा में गाय पशु नहीं, बल्कि आस्था, पोषण और संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण पूरे समाज का दायित्व है। गोवध पर रोक और गोमाता को सम्मान दिलाने के लिए जनजागरण और व्यापक जनभागीदारी आवश्यक है। आमजन इस विषय को अपने जीवन से नहीं जोड़ेंगे, तब तक कोई भी आंदोलन प्रभावी नहीं हो सकता। समाज के सभी वर्गों-पुरुष, महिलाएं और युवाकृको मिलकर शांतिपूर्ण और संगठित प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति गोमाता की पीड़ा को गहराई से समझ सकती है, इसलिए गोसंरक्षण के इस अभियान में उनकी भागीदारी निर्णायक साबित होगी।



### भजनों से होगा गौमाता का गुणगान

महायज्ञ के बाद सुबह 10 बजे से गौ संकीर्तन होगा। आकांक्षा राव, कुंज बिहारी जाजू एवं अन्य भजनों के माध्यम से गौमाता का गुणगान करेंगे। शुक्रवार को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में भी आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

### क्या है गौ सम्मान आह्वान अभियान

गौ माता को उचित सम्मान और अनुदान मिले, भारत में गौहत्या पूरी तरह समाप्त हो, गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्या, राष्ट्र धरोहर और राष्ट्र आधार यानि गाय की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरे देश में 27 अप्रेल को जिला और उप खंड स्तर पर संबंधित अधिकारी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। देश के सभी संत-महंत, गौ सेवी संगठन इस अभियान से जुड़े हैं।

# पंचायती राज चुनाव को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## चुनाव करवाओ-लोकतंत्र बचाओ आंदोलन का हुआ आगाज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में पंचायतीराज और निकाय चुनावों को लेकर सियासत तेज हो गई है। इसके चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जयपुर में कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चुनाव करवाओ, लोकतंत्र बचाओ आंदोलन की शुरुआत की। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार से शीघ्र चुनाव कराने की मांग की। इससे पहले कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ने सत्ता का विकेंद्रीकरण कर गांवों तक अधिकार पहुंचाए, लेकिन वर्तमान सरकार इस व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीबी यादव ने कहा कि संविधान में स्पष्ट प्रावधान है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव पांच वर्ष की अवधि पूर्ण होने से पहले कराए जाएं, लेकिन राज्य सरकार ऐसा नहीं कर संविधान की भावना का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि आंदोलन को प्रदेशभर में जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। इसके तहत हस्ताक्षर अभियान, पदयात्राएं और विभिन्न स्थानों पर विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन डागर ने आरोप लगाया कि चुनाव नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रभावित हो रहा है। पंचायत समितियों और जिला परिषदों के कार्य ठप पड़े हैं और विकास कार्यों के लिए मिलने वाला फंड भी अन्यत्र डायवर्ट किया जा रहा है। जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हार के डर से चुनाव नहीं करा रही है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर संघर्ष जारी रखेगी और सरकार को चुनाव कराने के लिए मजबूर करेगी।



## महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया

### मजदूर की मांगों को लेकर समर्थन




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** 24 अप्रैल राजस्थान प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश आह्वान पर विभिन्न मांगों के समर्थन में जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार व उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया गया भारतीय मजदूर संघ के जिला संरक्षक रामगोपाल शर्मा सयुक्त जिलामंत्री सुनील बुगालिया कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मजदूरों की मांगों पर सहानुभूति पूर्व के विचार करें जिलाध्यक्ष कृष्णा कंवर ने ज्ञापन की जानकारी दी ज्ञापन की मुख्य मांग बजट सत्र में 10 प्रतिशत मानदेय वृद्धि पर सरकार का जताया आभार ग्रेच्युटी राशि के आदेश शीघ्र जारी करने की उठाई मांग सेवानिवृत्ति के बाद 10 हजार रुपये मासिक पेंशन की मांग बीमा राशि भुगतान, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने की मांग रखी ऑनलाइन कार्य हेतु उच्च गुणवत्ता टैबलेट या 5 मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग मानदेय वृद्धि व महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई एवं अनुरोध किया कि हमसे हमारे निर्धारित कार्यों के अलावा अन्य कार्य नहीं करवाए जाय और कार्य करवाते है तो हमें अतिरिक्त मानदेय दिया जाए ज्ञापन में झुंझुनूं जिले के सभी सेक्टर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा सुजानगढ़ की ओर से शिक्षक नेता बनवारीलाल कुलहरी, शिवपाल राजियासर के नेतृत्व में तहसीलदार व कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल को जनगणना में लगी ड्यूटी को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि जनगणना में व्याख्याताओं और अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारियों को प्रगणक लगाया गया है, जबकि अध्यापकों को सुपरवाईजर लगाया गया है, जो कि पद की गरिमा के खिलाफ है। इसी प्रकार कुछ कार्मिकों को पदस्थापन से 50-70 किलोमीटर दूर लगाया गया है। इसी प्रकार कई स्कूलों के 100 प्रतिशत शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगा दी गई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई चौपट होने लगी है। ज्ञापन में इन समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई है। इस अवसर पर लक्ष्मण नायक, सुधेंद्र जोशी, गोविंद भाटी, इकबाल खान, नरेंद्र स्वामी, कमल स्वामी, अभिषेक चौहान, सुरेश शर्मा, निखिल टेलर, दिनेश, गजानंद आदि मौजूद रहे।

## दो भाइयों की यादगार में गोशाला को मिला 2 लाख एक हजार 100 रुपए का सहयोग



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पं गणेश नारायण गोशाला में दो भाइयों प्रह्लाद राय व लेखराम शर्मा की पुण्य स्मृति में परिजनों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह बुगालिया ने बताया कि परिवार की ओर से गोसेवा की भावना के तहत गोशाला को 2 लाख 1 हजार 100 रुपए की राशि भेंट की गई। इस अवसर पर गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग गौसेवा कार्यों को मजबूती देता है। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग गायों के चारे, चिकित्सा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किया जाएगा। इसके अलावा शारदा देवी पत्नी देवकरण सिंह बुगालिया ने 250 मण चारा व 51 हजार रुपए का सहयोग दिया। सुनील पुत्र प्रभुदयाल ने 25 मण चारा, 11 हजार रुपए व वाटर कूलर लगाने की घोषणा की गई। यह केवल सहयोग ही नहीं बल्कि अपने पूर्वजों की याद को जीवित रखने का एक माध्यम है।

## चोरी हुई स्कॉर्पियो को पुलिस ने किया बरामद : विशेष डिवाइस से लॉक तोड़ ले गए थे बदमाश

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर चोरी हुई एक कीमती महिंद्रा स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया है। बदमाशों ने हाईटेक तरीके से विशेष डिवाइस का इस्तेमाल कर गाड़ी का सेंट्रल लॉक सिस्टम बदल दिया था, लेकिन पुलिस की घेराबंदी के आगे उनकी चालाकी धरी रह गई। डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि वाहन चोरी की सूचना मिलते ही थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील के नेतृत्व में दो विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने घटनास्थल से लेकर संभावित रूटों पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फूटेज के विश्लेषण के दौरान एक अन्य संदिग्ध गाड़ी में तीन चोरों का मूवमेंट नजर आया। पुलिस टीमों ने लगातार पीछा करते हुए चोरों का रूट ट्रैक किया।

## 7 दिवसीय स्काउटर व गाइडर बैसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर जारी

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ तारानगर में आयोजित 7 दिवसीय स्काउटर व गाइडर बैसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर जारी है । सचिव खिराज सिंह भाकर ने बताया कि 15 स्काउटर व 19 गाइडर प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता कर रहे हैं । मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर प्रांगण में विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर सर्कल ऑर्गेनाइजर सुभिता गिल ने बेजुबान परिंदों के लिए परिण्डे लगाकर जीव संरक्षण अभियान का आगाज किया तथा आह्वान किया कि स्काउटिंग के माध्यम से समाज में सेतु बनने का प्रयास करें ।

सीओ महिपाल सिंह तंवर ने अपने उद्बोधन में स्काउटिंग के मूलभूत सिद्धान्तों उल्लेख करते हुए मिशन की अहमीयत पर प्रकाश डाला । मुख्य प्रशिक्षक झाबरमल माहिच, ओमप्रकाश एलओसी, दक्ष प्रशिक्षक मांगीलाल गोड़, गाइडर कमला भूरिया, ओमप्रकाश कस्वाँ ने सम्भागियों को विविध विद्याओं कौशलों में प्रशिक्षण दिया । कार्यक्रम संचालित कर रहे स्काउट असिस्टेंट लीडर ट्रेनर दलीप सिंह सहारण ने बताया कि सम्भागी इन 7 दिनों में प्राथमिक सहायता, आपदा प्रबंध, ध्वज शिष्टाचार, सेल्टर, पायनेरिंग, एडवेंचर, हाइक, वाइड गेम, एस्टीमेशन, ड्रील, कम्पास, मैप, डायरेक्शन्स, स्किलओरामा आदि अति महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्र के सजग प्रहरी बनेंगे।

## उपजिला चिकित्सालय के जनाना वार्ड में अव्यवस्थाओं का आलम अस्पताल प्रशासन की अनदेखी से महिला मरीज परेशान

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के सबसे बड़े राजकीय उप जिला चिकित्सालय लाडनूं में अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। यहां जनाना वार्ड में भर्ती महिला मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को महिला वार्ड के निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। वार्ड में लगे लगभग सभी कूलर खराब पड़े हैं। साथ ही, जो कूलर चालू हैं उनमें भी समय पर पानी नहीं भरा जा रहा, जिससे भीषण गर्मी में मरीजों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। गर्मी की शिद्दत के बीच पर्याप्त ठंडक की व्यवस्था नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी देखी गई।

### सफाई के नाम पर लाखों के बजट को लग रहा चूना

अस्पताल में साफ सफाई के नाम पर वर्षभर में लाखों रुपए का बजट व्यर्थ में जा रहा है यहां जनाना वार्ड में जगह.जगह मकड़ी के जाले लगे हुए हैं, जिनकी लंबे समय से सफाई नहीं की गई है। वार्ड के शौचालय भी ब्लॉक पड़े हैं और नियमित सफाई के अभाव में वहां से दुर्गंध फैल रही है, जिससे मरीजों का वार्ड में रहना मुश्किल हो रहा है। शौचालय की टॉयलेट शीट भी टूटी हुई और पाईप ब्लॉक पड़े हुए है। मरीजों ने बताया कि इन समस्याओं के बारे में कई बार अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की हैए ताकि भर्ती मरीजों को राहत मिल सके।



### इनका कहना है

खराब कूलर की रिपेयरिंग का टेंडर कल ही हुआ है, जल्द ही इनकी मरम्मत कर समस्या का समाधान किया जाएगा। साफ सफाई को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

**डॉ भरत कसेरा**
**पीएमओ राजकीय उप जिला चिकित्सालय लाडनूं**

## आरटीई एडमिशन में गड़बड़ियों पर सख्ती : स्कूलों का होगा राज्यभर में निरीक्षण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आरटीई शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश प्रक्रिया को लेकर मिल रही शिकायतों के बीच अब शिक्षा विभाग एक्शन मोड में आ गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेशभर में अधिकारियों द्वारा स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें आवेदन से लेकर प्रवेश और फीस तक की पूरी प्रक्रिया की जांच होगी। संयुक्त अभिभावक संघ के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि कई निजी स्कूल नियमों की अनदेखी कर आरटीई के तहत चयनित छात्रों के अभिभावकों से अवैध रूप से फीस वसूल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी करीब 41 हजार छात्र सूची में शामिल होने के बावजूद प्रवेश से वंचित रह गए थे, क्योंकि स्कूलों ने कोर्ट में लंबित याचिकाओं का हवाला देकर मनमानी की। अग्रवाल के अनुसार इस वर्ष भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। कई निजी स्कूलों में पीपी3, पीपी4 और पीपी5 को एंट्री लेवल माना जा रहा है, जबकि इन कक्षाओं की फीस का पुनर्भरण सरकार द्वारा नहीं किया जाता। ऐसे में स्कूल अभिभावकों से सीधे फीस मांग रहे हैं। उन्होंने कुछ प्रमुख स्कूलों-नीरज मोदी स्कूल, सीडलिंग मॉडर्न हाई स्कूल और एसएमएस स्कूलकृका नाम लेते हुए आरोप लगाया कि यहां आरटीई के तहत चयनित छात्रों से भी प्रवेश के नाम पर राशि ली जा रही है। कई अभिभावकों ने मजबूरी में फीस जमा भी कराई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। वहीं शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने कहा कि निरीक्षण अभियान के तहत यह देखा जाएगा कि कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनों को अस्वीकृत किया गया और कितने छात्रों को वास्तविक रूप से प्रवेश मिला। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि पहले से आरटीई के तहत पढ़ रहे छात्र अभी भी स्कूल में हैं या नहीं, और कहीं स्कूल छात्रों को हटाकर भी सरकार से फीस का पुनर्भरण तो नहीं ले रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निरीक्षण में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विभाग का मानना है कि इस व्यापक जांच अभियान से आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और शिकायतों का समाधान हो सकेगा।




## मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

### विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में स्वर्गीय ईसरराम सुखी देवी खडोलिया की स्मृति में उनके सुपुत्र नंदलाल, सांवरमल, बाबूलाल, शंकर लाल एबनवारी लाल खडोलिया परिवार की ओर से सैनी समाज स्थल पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से पूर्व शुक्रवार को प्रातः 9 बजे टांटिया शिवालय से मंगल कलश यात्रा निकाली गई । मंगल कलश यात्रा में सुहागिन महिलाओं ने सिर पर कलश धारण करके प्रभु नाम का कीर्तन कर रही थी साथ ही बैंड बाजा की धुन पर धार्मिक गीतों की धुन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया शोभा यात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही । कस्बे वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई माली सैनी समाज कथा स्थल पर पहुंची जहां पर व्यास पीठ पर विराजित दंडी स्वामी शिवेंद्राश्रम महाराज ने प्रथम दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि सात दिवस के अंदर भागवत कथा सुनकर अपने जीवन के अंदर अच्छे विचार प्रकट करें एवं अपने परिवार के सदस्यों को अच्छे संस्कार दें भागवत कथा सुनने से नहीं कथा में बताए गए विचार अपने जीवन में उतारते हैं तभी जीवन सफल होगा । महाराज श्री ने कहा अपने माता-पिता की स्मृति में जो खडोलिया परिवार की ओर से कथा कराई जा रही है वह बहुत पुण्य के भागी है कथा से पूर्व खडोलिया परिवार की ओर से महाराज श्री एका माला पहनाकर सम्मान किया गया एवं कथा समापन पर यजमान बाबुलाल खडोलिया सह पत्नीक ने भागवत पुराण की आरती उतार कर महाराज श्री से आशीर्वाद लिया । कथा में बाबूलाल दाधीच, निर्मल खडोलिया, इंद्र चंद देवड़ा, राजेंद्र, सुरेंद्र टाक, संतोष मीणा, भंवरलाल प्रजापत, गोपाल, बलदेव सैनी, वीरेंद्र लाटा, शंकर लाल कठोड़, राकेश शर्मा, विजय कुमार खडोलिया, भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, पवन मारू, सांवरमल मारू, रामलाल खटीक, तेजाराम सांखला, शायर सिंह, पुरुषोत्तम मारू, कैलाश, राकेश, नरेंद्र, नवीन खडोलिया, मूलचंद काकरीवाल आदि उपस्थित रहे ।

## तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव का घट यात्रा के बाद ध्वजारोहण से हुआ भव्य आगाज

**जयपुर ( नवयत्न )।** काशीपुरा के श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विनीत धाम प्रणेता विद्या वारिधी पट्टाचार्य 108 विनीत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शुक्रवार 24 अप्रैल को तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव का ध्वजारोहण से आगाज हुआ। इससे पूर्व घट यात्रा व श्री जी की पालकी यात्रा निकाली गई। इस मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए । अध्यक्ष बाबू लाल गोधा एवं मंत्री विनोद गंगवाल ने बताया कि पट्टाचार्य श्री ससंघ के सानिध्य तथा विधानाचार्य पं. विमल कुमार जैन बनेठा के निर्देशन में शुक्रवार 24 अप्रैल से रविवार 26 अप्रैल तक आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव में शुक्रवार को प्रातः जिन दर्शन, आचार्य भक्ति के बाद घट यात्रा एवं श्री जी की पालकी शोभायात्रा निकाली गई । महिलाएं भजन गाते हुए सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल हुई। पालकी में श्री जी को लेकर इन्द्र गण शामिल हुए। विभिन्न मार्गो से होकर पालकी यात्रा समारोह स्थल पर पहुची। जहां श्री जी को मंच पर विराजमान करने के बाद समाज श्रेष्ठी मनोरमा देवी, सुनील-रितू, नगर निगम हैरिटेज के चैयरमैन पारस-पूजा, रक्षिता, कैंडी, प्रिंस पाटनी काशीपुरा वाले मोहनबाडी ने जयकारों के ध्वजारोहण कर तीन दिवसीय महामहोत्सव का शुभारंभ किया । इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर आचार्य विनीत सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि 13 वर्ष उपरांत मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। अतः आये को छोडिये नहीं गए को पछता, नहीं । तीन दिन की वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में तन मन और धन का उपयोग करके अपने जीवन को यादगार बनालो। उन्होंने कहा कि पुण्य ही मोक्ष का निमित्त बनता है। प्रचार-प्रसार संयोजक दीपक गोधा व अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि आयोजन में शांति देवी, धर्म चन्द, रितेश-रिंकू वैद कोटखावदा वाले भोजन पुण्यार्जक रहे, वही जय कुमार, सुनील, विनय, शिखर चन्द, नवीन गंगवाल चकवाडा वालों ने दीप प्रज्जवलन किया । हरक चन्द-लाड देव, सुशील, डॉ सतीश जैन वैद कोटखावदा वाले मुख्य अतिथि थे।



**सेठ राम प्रताप सौंथालिया प्रताप रा.ऊ.मा.वि. इस्लामपुर**

क्रमांक = 1407 दिनांक 18/04/2026

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में आईसीटी लेब के नकारा / अक्रियाशील उपकरण जिसका पुस्तक मूल्य 138800/- है की सार्वजनिक निलामी विद्यालय परिसर में दिनांक 04/05/2026 को 10-30रूबजे इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जावेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्टर्ड एवं जीएसटी होल्डर व्यक्ति / फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। निलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती है।

**प्रधानाचार्य सेठ रामप्रताप सौंथलिया**
रा.उ.मा.वि. इस्लामपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190